दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 106 | जयपुर, बुधवार, 27 मार्च, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में एक कंटेनर शिप ने ब्रिज को मारी टक्कर...

# ताश के पत्तों की तरह ढहा ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज



**एजेंसी।** बाल्टीमोर

अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में एक कंटेनर शिप ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान ब्रिज का अधिकांश हिस्सा भर-भराकर पटाप्सको नदी में समा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे के वक्त कई वाहन और करीब 20 लोग पुल पर मौजूद थे, जो कि ब्रिज ढहने से नदी में गिर गए। एजेंसी ने दावा किया है कि कंटेनर शिप पर 22 क्रू मेंबर सवार थे और ये सभी भारतीय हैं। गवर्नर वेस मूर ने कहा कि ये लोग हीरो हैं। उन्होंने लोगों की जान बचाई। जहाज के टकराने से बाल्टीमोर का ऐतिहासिक ब्रिज पूरी तरह से ढह गया। ये जहाज पूरी तरह से इंडियन क्रू मेंबर्स द्वारा संचालित किया जा रहा था।

शिपिंग कंपनी मेर्सक ने इस बात की पुष्टि की है। कंपनी ने सिंगापुर के फ्लैग वाले कंटेनर जहाज को किराए पर लिया था, जिसका नाम डाली है। हादसे से जुड़े चार संभावित कारण सामने आ रहे हैं, जिसमें मेन इंजन फेल होना, स्टीयरिंग लॉक होना, जनेटर ब्लैकआउट और पायलट की लापरवाही शामिल हैं।

### तेज आवाज के साथ कांपी थी धरती

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंटेनर शिप डाली बाल्टीमोर पोर्ट से श्रीलंका के लिए रवाना हुआ था, लेकिन करीब एक घंटे बाद 1.30 बजे के आसपास यह रास्ता भटक गया और फिर ऐतिहासिक पुल से टकरा गया। टक्कर के बाद ब्रिज ढहने से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को जलजले जैसी फीलिंग हुई, कुछ देर के लिए तेज आवाज और धरती में कंपन महसूस हुआ। यह बहुत ही विनाशकारी स्थिति थी।

### हादसे का वीडियो हो रहा है वायरल

बाल्टीमोर के फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से जहाज की टक्कर काफी तेज थी। इससे नदी पर बना ब्रिज टूटना शुरू हो गया। जहाज की टक्कर से ठीक पहले ब्रिज शानदार रोशनी से नहाया हुआ था, लेकिन इसके बाद ब्रिज के ढहने से यह रोशनी बुझती चली गई। ब्रिज का एक हिस्सा जहाज पर भी गिरा है। इस पूरी घटना के वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहे हैं।

### 110 मिलियन डॉलर की लागत

बाल्टीमोर की पटप्सको नदी पर बने इस ब्रिज का नाम अमेरिकी राष्ट्रगान के लेखक के नाम पर रखा गया था। इस ब्रिज की लंबाई 1.6 मील है और इसमें 4 लेन हैं। ब्रिज को 1977 में पब्लिक के लिए खोला गया था। इसे बाल्टीमोर बेल्टवे के तौर पर भी जाना जाता है। ऐतिहासिक ब्रिज को तैयार करने में 110 मिलियन डॉलर की लागत आई थी। इसके नीचे से रोजाना सैकड़ों जहाज गुजरते हैं और ऊपर से भारी ट्रैफिक निकलता है।

## जरूरी खबर

### कार-रोडवेज बस की टक्कर में चार लोगों की मौत



**श्रीगंगानगर।** जिले में मंगलवार को कार और रोडवेज बस की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला को श्रीगंगानगर रेफर किया गया है। पंजाब से एनआरआई परिवार के पांच लोग कार से श्रीगंगानगर के पदमपुर में रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। इस बीच पदमपुर मार्ग पर चूनावढ़ भगवानसर गांव के पास तेज रफ्तार बस ने कार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

### अब वोटिंग के लिए 53 हजार से ज्यादा मतदान केंद्र



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 275 नए सहायक मतदान केंद्रों सहित कुल 1370 सहायक मतदान केंद्रों की स्थापना को मंजूरी दी है। ये सहायक मतदान केंद्र राज्य के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उन मतदान केंद्रों पर बनाए जाएंगे, जहां मतदताओं की संख्या 1450 से अधिक है। ये मतदान केंद्र मूल मतदान केंद्र के साथ उसी भवन में स्थापित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 51,756 मूल मतदान केंद्र आयोग द्वारा अनुमोदित है, अब कुल 1370 सहायक मतदान केंद्रों के बाद 53126 मतदान केंद्र हो गए हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## लोकसभा चुनाव 2024: प्रथम चरण के लिए 40 प्रत्याशियों ने प्रस्तुत किए 50 नामांकन

# नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन आज

### रैली में मुख्यमंत्री सहित पहुंचे कई दिग्गज नेता

**बेधड़क।** जयपुर

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत प्रथम चरण के 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया जारी है। तीन दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को प्रत्याशियों ने नामांकन भरा। अब तक 11 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 40 प्रत्याशियों द्वारा 50 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा चुके हैं। मंगलवार को कुल 31 प्रत्याशियों ने 40 नामांकन प्रस्तुत किए। इस दौरान निर्वाचन कार्यालय में प्रत्याशियों और समर्थकों का हुजूम रहा। वहीं नामांकन का बुधवार को अंतिम दिन है। इससे पहले हाई प्रोफाइल सीट नागौर, चूरू, सीकर से भाजपा और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों ने आवेदन किया। सीकर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती का नामांकन दाखिल कराने के लिए पहुंचे। वहीं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अमराराम भी पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल ने उनसे हाथ मिलाया। सुमेधानंद भी अपने विपक्षी से गर्मजोशी से मिले। नॉमिनेशन के बाद आयोजित सभा में मुख्यमंत्री ने पेपर लीक को लेकर विरोधियों पर सियासी हमला भी किया। उन्होंने कहा कि हम धीरे-धीरे आरपीएससी की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही नागौर से भाजपा उम्मीदवार डॉ. ज्योति मिर्धा और चूरू से देवेंद्र झाझड़िया ने नामांकन दाखिल किया। झाझड़िया के नामांकन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ साथ रहे।



### सीएम भी रहे मौजूद

भाजपा से दो बार के सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी की उपस्थिति में नामांकन दाखिल किया। स्वामी सुमेधानंद सरस्वती 2014 व 2019 में सीकर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर जीत चुके हैं।

पेज 4 भी देखें।

### 30 मार्च तक लिए जा सकते हैं नाम वापस

जयपुर लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 10 प्रत्याशियों ने 11 नामांकन प्रस्तुत किए हैं वहीं करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से अब तक एक भी नामांकन प्रस्तुत नहीं किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को श्रीगंगानगर से 3, चूरू से 1, सीकर से 5, जयपुर ग्रामीण से 3, जयपुर से 8, अलवर से 4, भरतपुर से 2, दौसा से 3 और नागौर से 2 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 20 मार्च को प्रथम चरण के मतदान के लिए चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी। प्रथम चरण के चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 27 मार्च तक नामांकन किए जा सकते हैं। 28 मार्च को नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा होगी, वहीं 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।



#### BJP ने दौसा और करौली-धौलपुर सीट से उतारे उम्मीदवार

### दौसा में मुकाबला मीणा बनाम मीणा

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने दो और निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। मंगलवार को जारी उम्मीदवार सूची में करौली-धौलपुर (अजा) और दौसा से पार्टी ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। करौली धौलपुर से इंदु देवी जाटव और दौसा से कन्हैया लाल मीणा को मैदान में उतारा है। दौसा में अब मीणा बनाम मीणा मुकाबला हो गया है। कांग्रेस की ओर से मौजूदा विधायक मुरालीलाल मीणा और बीजेपी की ओर से अब कन्हैयालाल मीणा को मैदान में उतारा गया है। कांग्रेस ने दौसा सीट से गहलोत सरकार में मंत्री रहे और मौजूदा विधायक मुरारी लाल मीणा को उम्मीदवार बनाया है। अब मुरारी लाल मीणा को बीजेपी के कन्हैयालाल मीणा सीधी टक्कर देंगे। दौसा सीट पर गुर्जर और मीणा वोटर ज्यादा हैं और कांग्रेस नेता सचिन पायलट का प्रभाव भी है। मुरारी लाल मीणा भी पायलट कैंप के नेता हैं। ऐसे में बीजेपी ने कन्हैयालाल मीणा को चुनाव मैदान में उतारकर सोशल इंजीनियरिंग के साथ साथ पायलट को भी सीधी चुनौती पेश की है। भाजपा ने दौसा की मौजूदा सांसद जसकौर मीणा और करौली-धौलपुर सीट से सांसद मनोज राजोरिया को इस बार मौका नहीं दिया।

## मौसम अपडेट: 29 के बाद बारिश के आसार

# पश्चिमी विक्षोभ से फिर बदलेगा मौसम



**बेधड़क।** जयपुर

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिमी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान औसत से 2 से 3 डिग्री ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

आगामी 48 घंटों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। 27 और 28 मार्च को जोधपुर संभाग में कहीं-कहीं अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री (औसत से 3-4 डिग्री ऊपर) दर्ज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 29-30 मार्च को पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर संभाग व शेखावाटी क्षेत्र में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

### 29-30 मार्च कई जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने 29 मार्च को जयपुर, भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं 30 मार्च को भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभाग में हल्की बारिश के साथ मौसम बदल सकता है। विभाग ने 29 मार्च को अलवर, झुंझुनूं, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर, वहीं 30 मार्च को अलवर, भरतपुर, दौसा, धौलपुर, झुंझुनूं, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में मेघगर्जन और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

### सबसे गर्म स्थान रहा फलौदी

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में फलौदी सबसे गर्म स्थान रहा। यहां अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं जालोर में 39, बाड़मेर में 38.9, जोधपुर में 37.8, डूंगरपुर में 37.5 और जैसलमेर में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

## ACB का बड़ा एक्शन: आवास की तलाशी में 9 लाख की नकदी बरामद

# घूस लेते प्रवर्तन अधिकारी अरेस्ट

**बेधड़क।** जयपुर

एसीबी की टीम ने मंगलवार को जयपुर में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के प्रवर्तन अधिकारी को 1.50 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की आवास की तलाशी में 9 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। एसीबी आवास और अन्य ठिकानों पर सर्च कर रही है।

एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि के सुपरविजन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। आरोपी ने फर्म के 5 साल के इंसपेक्शन रिपोर्ट तैयार करने की एवज में रिश्वत राशि मांगी गई थी।



एसीबी के डीआईजी डॉ. रवि के मुताबिक परिवादी की ओर से शिकायत दी गई थी कि उसकी फर्म की 5 साल की इंसपेक्शन रिपोर्ट तैयार करने की एवज में प्रतिवर्ष 50 हजार रुपए के हिसाब से कुल 2.50 लाख रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। एसीबी जयपुर शहर द्वितीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया।

इसके बाद उप अधीक्षक अभिषेक पारीक की ओर से इंस्पेक्टर छोटी लाल के साथ ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवर्तन अधिकारी दीपक बडजात्या को परिवादी से डेढ़ लाख रुपए रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

## ISRO को मिली एक और कामयाबी

# अब भारत के सैटेलाइट मिशन से अंतरिक्ष में नहीं बिखरेगा मलबा

**बेधड़क।** नई दिल्ली

दुनिया की अग्रणी स्पेस कंपनियों में अपनी जगह बना चुकी इसरो (ISRO) ने एक और मील का पत्थर हासिल कर लिया है। भारत के सैटेलाइट पीएसएलवी ने शून्य कक्षीय मलबा मिशन पूरा कर लिया। यह मिशन अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

इससे फायदा यह होगा कि अब इसरो नए मिशन के लिए जो भी रॉकेट लॉन्च करेगा, उसका मलबा अंतरिक्ष में नहीं बिखरेगा। इसरो ने इस मिशन को ऐसे समय में पूरा किया है जब दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए अंतरिक्ष में मलबा एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

इसरो ने जानकारी दी कि उसके ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) ने शून्य कक्षीय मलबा मिशन पूरा कर लिया है। पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल-3 (पीओईएम-3) ने पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश किया और अपने मिशन को पूरा किया। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने कहा कि पीएसएलवी -सी58/एक्सपोसैट मिशन ने व्यावहारिक रूप से कक्षा में शून्य मलबा छोड़ा है। अब भारत अंतरिक्ष में कोई भी सैटेलाइट लॉन्च करेगा तो उसका मलबा अंतरिक्ष में नहीं बिखरेगा।

### एक्सीडेंट का खतरा भी कम

इसरो के मुताबिक, किसी भी सैटेलाइट को उसकी कक्षा में स्थापित करने के बाद पीएसएलवी तीन हिस्सों में बंट जाता है। इसे पीओएम-3 कहा जाता है। इसमें पीएसएलवी को पहले 650 किलोमीटर की ऊंचाई वाली कक्षा से 350 किलोमीटर वाली कक्षा में लाया गया। इससे पीएसएलवी जल्दी ही अपनी कक्षा में प्रवेश कर गया। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि कक्षा बदलने के दौरान किसी भी सैटेलाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा कम हो जाएगा।





### एक महीने में तैयार हुए पेलोड

पीओईएम-3 पर जो पेलोड लगाए गए हैं उन्हें एक महीने के अंदर तैयार किया गया है। यह प्रायोगिक पेलोड हैं। इसरो ने इसमें निजी भागीदारी को भी शामिल किया है। हाल ही में इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक को लेकर एक सफलता हासिल की थी। इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा था।

### चंद्रयान-3 की लैंडिग साइट शिव-शक्ति को IAU की मंजूरी

हाल ही में इसरो ने चंद्रयान-3 को लेकर फिर से सुर्खियां तब बटोरी। जब अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ (IAU) ने 19 मार्च को चंद्रयान -3 की लैंडिंग साइट के लिए 'शिव शक्ति' नाम को मंजूरी दे दी। यह नाम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 अगस्त, 2023 को मिशन की सफलता की घोषणा के बाद दिया गया था।

## जरूरी खबर

### भाजपा एसटी मोर्चा कार्यसमिति की हुई घोषणा



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा की सहमति से अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्यों की घोषणा की गई है। इस टीम में कमल मीणा, सुभाष मीणा भरतपुर, जय सिंह मीणा, जल सिंह मीणा, दुदाराम गमेती, राधा गोविंद करोल सहित 42 सदस्यों की घोषणा की गई है। एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शेर सिंह मीणा ने बताया कि प्रदेश कार्य समिति के नवनियुक्त सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 400 पार में अहम भूमिका निभाएंगे और जनजाति इलाकों में केंद्र की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में आमजन को अवगत करायेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने प्रदेश की जनता को अनेक सौगातें दी है। कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

### हैदराबाद-जयपुर ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई

**बेधड़क. जयपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 07115/07116, हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हैदराबाद से 5 अप्रैल से 28 जून तक एवं जयपुर से 7 अप्रैल से 30 जून तक विस्तार किया जा रहा है।

### 200 लोगों ने लिया आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ



**बेधड़क. जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कायचिकित्सा विभाग में विश्व क्षय रोग दिवस पर दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. संजीव शर्मा एवं चिकित्सालय उपाधीक्षक डॉ. हरीश भाकुनी ने किया। उन्होंने बताया कि शिविर में सीबीसी, एक्स-रे और अन्य जांच करने के साथ रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। जांच के साथ च्यवनप्राश, ब्रह्म रसायन ओर अन्य औषधि निःशुल्क दी गई। शिविर में 200 से अधिक लोगों ने आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ लिया।

**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# गर्मी में पानी की कमी दूर करने के लिए विभाग ने कसी कमर

**बेधड़क | जयपुर**

गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल किल्लत से बचाने के लिए विभाग ने अभी से कमर कस ली है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि उपभोक्ताओं की पेयजल समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए।



साथ ही ग्रीष्म ऋतु में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं जल जनित बीमारियों के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय किया जाए। शासन सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 70 फीसदी से अधिक वाली ग्राम पंचायत में 100 फीसदी उपलब्धि प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाए। अगर इसमें किसी भी तरह की व्यवहारिक कठिनाई आती है तो इस पर समुचित कार्रवाई करते हुए निराकरण किया जाए। शर्मा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में संवर्धन कार्य तथा विभाग की कार्य कुशलता में आवश्यक सुधार किया जाना सुनिश्चित करें। विभागीय बैठक में जल जीवन मिशन के एमडी बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण लेखरा, सहित विभाग के मुख्य अभियंता अतिरिक्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

### गुणवत्तापूर्ण हों जल जीवन मिशन के कार्य

शासन सचिव समित शर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता की जांच के लिए नियमित रूप से पर्यवेक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को मैनपॉवर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, डिस्टिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतें करें निस्तारित

शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र ही निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमनेस्टी स्कीम के तहत उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा रहा है या नहीं इसके बारे में जानकारी ली जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित हेड पंप एवं आरओ के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर कहा कि वर्तमान में कितने खराब हैं एवं कितने चालू हैं इसकी आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

शासन सचिव शर्मा ने कहा कि विगत दिनों उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखंड में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर एक भी कार्मिक उपस्थित नहीं पाया गया। इस पर शासन सचिव ने संबंधित अधीक्षण अभियंता अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी जलस्रोत हैं, उनका पुनरुद्धार कर ग्रीष्म ऋतु में उपयोग करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

**प्रदेश चुनाव प्रभारी ने कलस्टर प्रभारियों व संयोजकों को सौंपा जिम्मा**

# मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रचार-प्रसार की समीक्षा सहित चुनाव प्रबंधन की रणनीति को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव कार्यालय संचालन, मीडिया और सोशल मीडिया सहित सभी मोर्चों और प्रकोष्ठों की चुनाव में भूमिका पर उपस्थित पदाधिकारियों से सुझाव भी लिए।

चुनाव प्रबंधन के लिए बनी विभिन्न समितियों के कार्यों की विवेचना की और आगामी दिनों की कार्ययोजना के बारे में विस्तार से बताया। आगामी दिनों में राष्ट्रीय नेताओं के प्रवास, सामाजिक कार्यक्रमों का प्रबंधन, लोकसभा चुनाव कार्यालयों के प्रबंधन सहित अन्य कार्यों के लिए भी निर्देशित किया गया। इसके साथ ही सभी विभागों को एक-एक ब्लॉक आवंटित किये गए हैं। प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि पूर्व में हमने लोकसभा कलस्टर प्रभारी एंव संयोजकों की संयुक्त बैठक ली थी। इसमें नवमतदाताओं से संपर्क करने और बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया था। वहीं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मा सभी कलस्टर प्रभारियों और संयोजकों को दिया गया था। पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल में देश में बहुत कुछ बदलाव हुआ है। गरीब को मान मिला है, महिला को सम्मान मिला और समाज के शोषित वंचित को अधिकार मिला है। जिसके चलते देशभर में भाजपा और पीएम मोदी के प्रति जनता में विश्वास बढ़ा है। हमें लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है, ताकि राजस्थान की सभी लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक बना सकें।




### टीम को मजबूती से कराना होगा काम

प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि मैने विधानसभा चुनावों में प्रदेश के चुनावों को नजदीक से देखा था। चुनाव प्रबंधन टीम ने एक सिपाही की तरह मुस्तैद रहकर काम किया और उसी के परिणामस्वरूप भाजपा ने डबल इंजन सरकार बनाई। लोकसभा चुनावों में भी पूरी टीम को मजबूती से काम करना होगा और प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाना है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय की धारणा से काम हुआ है। आज समाज के हर वर्ग का जीवन बेहद सरल हुआ है, गरीब, वंचित, महिला, युवा, किसान और दलित के हितों को ध्यान में रखते हुए काम हुए हैं। विशेष रूप से नव-मतदाताओं में चुनाव को लेकर आकर्षण है, इसलिए हमें प्रत्येक बूथ पर नवमतदाता को भाजपा की विचारधारा से जोड़ना होगा।

### कांग्रेस नेताओं का भाजपा में जाने का दौर जारी

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम मे सोमवार को बाड़मेर-जैसलमेर के कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एंव प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, जिलाध्यक्ष जैसलमेर चंद्रप्रकाश सहाडा भी उपस्थित रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी के साथ आए सभी नेताओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सभी ने लोकसभा चुनाव मे पूरी ताकत से पार्टी को विजय दिलवाने का संकल्प किया। इस अवसर पर जैसलमेर से नगरपरिषद सभापति हरि वल्लभ कल्ला, मोहनगढ़ के प्रधान कृष्ण मुकेश चौधरी, पूर्व प्रधान मूलाराम चौधरी, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रहे मनोहर पाबडा ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बाड़मेर से राजस्थान विश्विद्यालय की पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रभा चौधरी, पूर्व जिला परिषद सदस्य और पूर्व बार अध्यक्ष करणाराम चौधरी, सहित सिद्धार्थ कड़वासरा और रमेश कड़वासरा ने सदस्यता ग्रहण की।

**कारण बताओ नोटिस जारी**

# दवाएं उपलब्ध नहीं होने पर 22 अस्पताल प्रभारियों पर गिरी गाज



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेशभर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के दलों की ओर से लगातार अस्पतालों का निरीक्षण किया जा रहा है। इनमें दवाओं की अनुपब्लधता के बारें में कई शिकायतें अधिकारियों को मिल रही है। अब विभाग ने इन शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया है। विभाग ने शिकायत मिलने वाले 22 चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। राजकीय अस्पतालों में आवश्यक दवा सूची के तहत दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता रखने के लिए समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान चौथी विजिट के बाद भी 22 चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई।

विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए इन चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अजमेर, बारां, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा, गंगापुर सिटी, जयपुर, जालोर, जोधपुर, केकड़ी, कोटा, राजसमंद, सांचोर एवं सीकर के एक-एक चिकित्सा संस्थान तथा बाड़मेर, बीकानेर, पाली एवं सिरोही के दो-दो चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई। इन संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक**

# जयपुर की सीट जीतने पर की चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव में जयपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास के नामांकन से ठीक पहले जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। इसमें एकजुटता और मजबूती के साथ जयपुर सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ने पर मंथन किया गया।

वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और लोकसभा चुनाव के लिए जुटने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रत्याशी प्रताप सिंह खाचरियावास ने मीडिया से बातचीत में एक वोट, एक नोट का नारा दिया। इस बैठक में आदर्श नगर विधायक रफीक खान, किशनपोल विधायक अमीन खान, पूर्व मंत्री बृजकिशोर शर्मा, हवामहल से विधानसभा चुनाव लड़े आरआर तिवाड़ी, सांगानेर प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज, विद्याधर नगर प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल, मालवीय नगर प्रत्याशी अर्चना शर्मा और बगरू की पूर्व विधायक गंगादेवी भी मौजूद रहीं। इस दौरान प्रताप सिंह ने कहा कि वह चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे, लेकिन पार्टी का आदेश आया तो परिवार को छोड़ा नहीं जाता। यह चुनौती बड़ी है, लेकिन लगता है कि यह चुनौती पार हो रही है। भाजपा घमंड में है और 400 पार का नारा दिया है, लेकिन जयपुर की जनता ने मुझे सड़कों पर लड़ते हुए देखा है। जयपुर के कांग्रेस के कार्यकर्ता साथ खड़े हुए हैं। जनता हमें जिताएगी तो जयपुर लोकसभा में दिखेगा। जयपुर की आवाज पूरे हिंदुस्तान में सुनाई देगी।

प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जयपुर में इंस्पेक्टर राज खत्म करवाना है। ठेले-दुकान और फुटपाथ वाले गरीबों को उजाड़ने नहीं देंगे। जेडीए और नगर निगम की गुंडागर्दी बंद करवा देंगे। राज्य सरकार की गुंडागर्दी नहीं चलने देंगे। अरबन डवलपमेंट के नाम पर मकान-दुकानों का सीजर हो रहा है। उसे भी बंद करवाएंगे और यूडी टैक्स खत्म करेंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की 10-12 सीटों पर कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

**समाज को प्रतिनिधित्व नहीं देने पर जताई नाराजगी**

# कांग्रेस पार्टी ने ब्राह्मणों का किया अपमान

**बेधड़क | जयपुर**

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा है कि ये बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने एक भी ब्राह्मण उम्मीदवार नहीं उतारा है। आजादी के बाद से आज तक हर बार राजनीतिक पार्टियां ब्राह्मण समाज को कम से कम 2 से 3 सीट पर प्रतिनिधित्व देती थी, लेकिन इस बार कांग्रेस पार्टी ने ब्राह्मण समाज का अपमान किया है।




पार्टी को पूरे प्रदेश में एक भी ब्राह्मण इस योग्य नहीं लगा कि उसे उम्मीदवार बनाया जा सके। यहां तक की जयपुर लोकसभा में एक ब्राह्मण उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन उसे भी अपमानित करके टिकट वापस छीन लिया। मिश्रा ने कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज इस बात से आहत है कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान जाकर भारत विरोधी बयान देते हैं। उनको कांग्रेस पार्टी सम्मानित करती है और ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को अपमानित करके टिकट छीन लिया जाता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ब्राह्मण समाज की आबादी 1 करोड़ के आस-पास है तथा प्रत्येक गांव, तहसील, ढाणी में ब्राह्मण समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं और ब्राह्मण सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। ऐसे ब्राह्मण समाज को राजनीतिक रूप से दरकिनार करना कांग्रेस को भारी पड़ेगा। ब्राह्मण समाज अपने हक के लिए लोकतंत्र में अपनी बात कहने के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश में सभी लोकसभा क्षेत्रों में ब्राह्मण समाज हार-जीत का फैसला करेगा और इसके लिए एक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, अलवर, कोटा ब्राह्मण बाहुल्य सीटें हैं। यहां पर भी किसी ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा नहीं कि गई। इससे साफ जाहिर होता है कि कांग्रेस ब्राह्मणों को दरकिनार करना चाहती है। ऐसे में हमने तय किया है कि सर्व ब्राह्मण महासभा की अलग-अलग टोलियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएंगे और कांग्रेस का बायकाट करेंगे।

**होम वोटिंग को लेकर उत्साह**

# राजस्थान के 58 हजार से अधिक मतदाता घर से चुनेंगे देश की सरकार

**बेधड़क | जयपुर**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं के लिए प्रदेश में पहली बार लोकसभा आम चुनावों में होम वोटिंग की पहल की गई है। इसके प्रति बुजुर्गों और दिव्यांगों में उत्साह देखा गया है।



अब तक करीब 58 हजार पात्र मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। यानि ये मतदाता घर से अपनी सरकार चुन सकेंगे। इनमें 43,638 वरिष्ठ नागरिक और 14,385 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। प्रदेश के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा होम वोटिंग के लिए इच्छुक पात्र मतदाताओं के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा क्षेत्रों के लिए अभ्यर्थियों के नाम तय हो जाने के बाद घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के मतदान वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए 27 मार्च तक पंजीकरण किया जाएगा। अब तक 35,542 लोगों ने होम वोटिंग के लिए पंजीकरण कराया है। इनमें 26,371 वरिष्ठ नागरिक और 9,171 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची 1 अप्रैल तक उपलब्ध करवाएंगे। ये विशेष टीमें राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की मौजूदगी में पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचकर पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान करवाएंगे। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 5 अप्रैल से शुरू होकर 14 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा चरण 15 से 16 अप्रैल के बीच होगा।

### दूसरे चरण 14 से 21 अप्रैल तक होगी वोटिंग

गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में जिन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, वहां होम वोटिंग के लिए 2 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। अब तक करीब 22,500 पात्र मतदाओं ने पंजीकरण कराया है। इनमें 17,324 वरिष्ठ नागरिक और 5,222 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। निर्वाचक अधिकारी होम वोटिंग का विकल्प चयन करने वाले मतदाताओं की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को 8 अप्रैल तक उपलब्ध कराएंगें। इसके बाद होम वोटिंग के विशेष मतदान दल गठित कर उनके प्रशिक्षण की सभी प्रक्रिया 13 अप्रैल तक पूरी कर ली जाएगी। होम वोटिंग के लिए मतदान प्रक्रिया 14 अप्रैल से शुरू होकर 21 अप्रैल तक चलेगी। किसी कारण से मतदाता के होम वोटिंग के लिए अनुपस्थित या वंचित रह जाने पर दूसरा दौर 22 से 23 अप्रैल के बीच होगा।

### विधानसभा चुनाव में 99 प्रतिशत हुआ था होम वोटिंग से मतदान

प्रदेश में बीते दिनों विधानसभा आम चुनाव-2023 के दौरान होम वोटिंग में मतदान 99 प्रतिशत रहा था। करीब 61,424 मतदाताओं ने घर से मतदान किया था। इसमें 49,650 वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु) और 11,774 दिव्यांग शामिल थे। गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा विकल्प के रूप में है। लोकसभा चुनाव के लिए होम वोटिंग की सुविधा ऐसे मतदाताओं को मिलती है, जो 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों हों या 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता श्रेणी के विशेष योग्यजन हों। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर होम वोटिंग की सुविधा के लिए योग्य मतदाताओं को इसके संबंध में जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। पात्र मतदाता सुविधा का चयन करने के लिए फॉर्म 12-डी भरकर बीएलओ को देंगे।

## गोविंददेव जी के मंदिर में ठाकुरजी संग खेली होली, विदेशी पावणे भी दिखे देसी रंग में

# रंग, उमंग और उत्साह में डूबा जयपुर

■ लोगों ने जमकर खेली होली ■ शहर में हुए विभिन्न आयोजन ■ एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई ■ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने मनाया रंगोत्सव

बेधड़क | जयपुर

जयपुर में रंगों का त्योहार होली सोमवार को पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। धुलण्डी के अवसर पर सोमवार को शहरवासियों ने जमकर होली खेली। लोगों ने एक-दूसरे के चेहरे पर रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मंदिरों में लोग चंग की थाप पर फाग के गीतों पर झूमते नजर आए। मंदिरों में गुलाल के अलावा फूलों की होली भी खेली गई। इस दौरान बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी होली के रंगों से रंगे नजर आए। युवा अपने साथियों, परिजनों के साथ और बुजुर्ग अपनी मंडली के साथ होली खेलने निकले। महिलाओं की टीम भी होली के रंगों में रंगी नजर आई। पर्यटन विभाग की ओर से हर साल की तरह खासाकोठी में रंगोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश-विदेश के सैलानी होली की मस्ती में डूबे नजर आए। वहीं होली के मौके पर सोमवार को रोडवेज बसों का संचालन बंद रहा।







### पुलिस महानिदेशक और आयुक्त ने खेली जवानों के साथ होली

धुलण्डी के दूसरे दिन मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने में होली मनाई। रिजर्व पुलिस लाइन चांदपोल में आयोजित समारोह में पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनांए दी। इस दौरान पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने भी पुलिसकर्मियों के साथ गुलाल से होली खेली। इनके अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुनिल दत्त, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश विश्नोई, प्रीति चंद्रा, कुंवर राष्ट्रदीप सहित जिलों के डीसीपी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सहायक पुलिस आयुक्त सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि होली पर पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाती है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस लाइन चांदपोल में कार्यक्रम रखा गया।



## पहले ठाकुरजी संग, फिर अपनों के साथ



बेधड़क | जयपुर

सुबह से ही गुलाबी नगरी रंगों से सराबोर हो उठी। जैसे जैसे सूरज चढ़ता रहा, रंगत भी बढ़ती गई। वहीं, शहर आराध्य राधा गोविंद देव जी मंदिर में ठाकुरजी संग हर कोई होली खेलता नजर आया। शहर के कोने-कोने से लोग रंग-अबीर लेकर भगवान को अर्पन करने पहुंचे। वहीं, लोगों ने चंग की ठाप पर फाग के गीतों पर ठुमके भी लगाते नजर आए। दिन 10 बजते- बजते सारा शहर गुलाल के सरोबार हो गया। तरफ रंग-गुलाल से रंग युवाओं की टोलियां नाचती-गाती चल रही थी। जो भी रास्ते में आता उस पर रंग-गुलाल उड़ेलकर लाल-पीला कर दिया। हर तरफ मस्ती और उल्लासभरा माहौल था। डीजे की धुन पर मस्ती से सराबोर युवा थिरक रहे थे। महिलाएं भी टोलियों में घूम-घूमकर रंग-गुलाल लगा रही थी। रंगों में प्यार-स्नेह और अपनत्व की बरसात हो रही हो। रंग-गुलाल लगाने के बाद एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर और गले मिलकर होली की एक-दूसरे को बधाइयां दी। दोपहर बाद तक होली के मस्तानों का हुजूम सड़कों पर उमड़ता रहा और मस्ती छाई रही। शाम को लोग एक दूसरे से मिलने पहुंचे। इस दौरान विभिन्न समाजों की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किए व उन्होंने सामूहिक रूप से होली खेली।

## सीएम ने खेली आमजन के साथ होली



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रंगों का त्योहार होली सोमवार को आमजन के साथ मनाया और उनके साथ होली खेल खुलकर गले लगाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होली कार्यक्रम में सीएम शर्मा ने आमजन के साथ होली खेलकर इस पर्व पर एक बार फिर खुद को आमजन का मुख्यमंत्री साबित करते हुए रंगों के इस त्योहार को और आनन्दमय बना दिया। सुबह करीब नौ बजे शुरु हुए इस कार्यक्रम में रंग, लोकगीत और लोकनृत्यों का जमकर धमाल हुआ। इस अवसर पर कृष्ण और राधा की बृज होली और लट्ठमार होली का आयोजन भी किया गया।

मुख्यमंत्री लगातार चार घंटे तक सपत्नीक जनता के बीच रहे। इस दौरान भगवान कृष्ण और श्रीराम के भजनों पर लोग झूमे और मुख्यमंत्री उनका उत्साहवर्धन करते रहे। सुबह से ही मुख्यमंत्री निवास पर लोगों का तांता लगा रहा और बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चे सहित सभी मुख्यमंत्री के साथ होली खेलने के लिए उमड़ पड़े और इस दौरान मुख्यमंत्री ने सादगीपूर्वक लोगों के गुलाल एवं उसका टीका लगाकर उनके साथ होली खेली। इस दौरान लोगों ने भी शर्मा के गुलाल लगाकर होली मनाई।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### मिठाइयों का भोग लगाया

## सरस निकुंज में मनाया फूल डोल महोत्सव

बेधड़क | जयपुर

सुभाष चौक पानों का दरीबा स्थित सरस निकुंज में महंत अलबेली माधुरी शरण के सान्निध्य में सोमवार को फूल डोल महोत्सव आयोजित किया गया।

प्रवीण शरण बडे भैया ने बताया कि ठाकुर राधा सरस बिहारी जू सरकार की पुष्पों से सजी झूले की झांकी का दर्शन व मधुर संगीतमय पदावलियों का गायन हुआ। बसंत महोत्सव से शुरू हुए होरी महोत्सव, फाग महोत्सव का विश्राम फूल डोल महोत्सव के साथ किया। फूल डोल की झांकी दर्शन के साथ ही मिठाइयों का भोग लगाया। विशेष पदों का गायन सामूहिक रूप से परिकर के वैष्णवभक्त जनों ने किया। फूल डोल झूलत प्रिय गौरी आज फूल डोल को उत्सव आली फूल डोल दौऊ झूलेरी, चिरजीवो मेरे दौऊ कुंज बिहारी... सहित अन्य पदों का गायन हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने झांकी के दर्शन किए।



### यात्रीभार में बढ़ोतरी, फरवरी में 3776 फ्लाइट्स का संचालन

## टॉप 15 में शामिल हुआ जयपुर एयरपोर्ट

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में पर्यटन सीजन जारी है, ऐसे में जयपुर एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट्स की व्यस्तता लगातार बनी हुई है। फरवरी माह में जयपुर एयरपोर्ट से कुल 3776 फ्लाइट्स का संचालन हुआ है, जो कि अपेक्षाकृत रूप से संतुष्टिजनक है। यानी एयरपोर्ट से रोज औसतन 65 फ्लाइट्स संचालित हुई हैं।




वहीं यात्रीभार की व्यस्तता के लिहाज से भी जयपुर एयरपोर्ट देश के टॉप 15 एयरपोर्ट में शामिल हैं। दरअसल, फरवरी माह के दौरान जयपुर एयरपोर्ट पर नियमित फ्लाइट्स के साथ नॉन शेड्यूल्ड फ्लाइट्स का भी संचालन काफी अच्छा रहा है। फरवरी माह के दौरान अयोध्या, पुणे और चेन्नई के लिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से फ्लाइट संचालन में बढ़ोतरी देखी गई है। हालांकि जनवरी माह की तुलना में फरवरी में यात्रीभार में कमी हुई है। जनवरी की तुलना में 26 हजार यात्री कम रहे हैं। जनवरी में जहां 5.05 लाख यात्रियों ने जयपुर एयरपोर्ट से यात्रा की थी, वहीं फरवरी में इनकी संख्या 4.79 लाख रही है। बड़ी बात यह है कि जयपुर एयरपोर्ट ने यात्रीभार के मामले में गुवाहाटी एयरपोर्ट को भी पीछे छोड़ दिया है। मार्च माह में भी एयरपोर्ट पर इसी तरह व्यस्तता जारी रहने की उम्मीद है और यात्रीभार का आंकड़ा 5 लाख के पार रह सकता है।

### स्वायत शासन विभाग ने गाइडलाइन में किया बदलाव

# अब शहर से दूर नहीं छोड़े जाएंगे कुत्ते, एबीसी रूल के तहत बदले आदेश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में आवारा कुत्तों की धरपकड़ को लेकर हाल ही में डीएलबी ने गाइडलाइन जारी की थी, जिसके तहत आवारा कुत्तों को पकड़ उनका एबीसी किया जाकर उन्हें शहर से बाहर छोड़ा जाना था। अब डीएलबी ने इसमें परिवर्तन किया है। अब इसे बदलकर उसी स्थान पर छोड़ने के लिए कहा गया है, जहां से पकड़ा गया। दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) रूल के कारण गाइडलाइन में बदलाव किया गया। स्वायत्त शासन विभाग ने संशोधित आदेश में बताया कि प्रदेशभर से मासूम बच्चों और बड़ों को श्वान के काटने की घटनाएं सामने आ रही थी। एसएमएस की रोकथाम के लिए अब हाईकोर्ट की गाइडलाइन के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इससे पहले स्वायत शासन विभाग ने गाइडलाइन जारी कर कुत्तों को शहर से बाहर छोड़ने के लिए कहा था। दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) रूल के कारण गाइडलाइन में बदलाव किया गया।



### ये है संशोधित गाइडलाइन

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिकायत मिलने पर हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति के कुत्तों की पहचान कर उनका उपचार और वैक्सीनेशन कर उन्हें वापस यथा स्थान छोड़ जाए। प्रदेश के सभी निकायों में स्थित महाविद्यालयों (कॉलेज), विद्यालयों (स्कूल), अभिभावकों, नागरिकों की शिकायत पर हिंसक और आक्रामक प्रवृत्ति के कुत्तों की पहचान कर कोर्ट के निर्णय के अनुसार कार्रवाई की जाए। ऐसे कुत्तों को चिह्नित कर वैक्सीनेशन किया जाए। सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों के लेबर रूम, गायनिक रूम, ऑपरेशन थिएटर, शिशु वार्ड के आस-पास रहने वाले कुत्तों को चिकित्सा विभाग की शिकायत पर तत्काल पकड़कर उनका इलाज किया जाए। फिर यथा स्थान या फिर स्वान घर (डॉग हाउस) में छोड़ा जाए।

### क्या है एबीसी रूल

एबीसी रूल के तहत कुत्तों को पकड़ने का नियम नहीं है। एबीसी रूल के तहत हिंसक और आक्रामक कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी कर उन्हें उसी स्थान पर छोड़ जाना चाहिए। जहां से उन्हें उठाया गया है। साल 2001 में हाईकोर्ट के दिशा निर्देश के बाद यह नियम बनाया गया था। ताकि हिंसक और आक्रामक कुत्तों पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन राजस्थान के स्वायत्त शासन विभाग ने बिना इस नियम की जानकारी के ही कुत्तों को पकड़ने की गाइडलाइन जारी कर दी थी। इसके बाद अब संशोधित गाइडलाइन जारी कर एबीसी रूल को फॉलो करने की बात कही गई है। स्वायत्त शासन विभाग के एक अधिकारी ने कहा- श्वानों को लेकर विभाग की गाइडलाइन मैं कुछ असमंजस था। जिसे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार फिर से जारी किया गया है। ताकि हिंसक और आक्रामक श्रेणी के श्वानों को पकड़कर उन्हें यथा स्थान ही छोड़ा जाए।

## जरूरी खबर

### तालाब से बॉल निकालने गए दो किशोरों की मौत



**अजमेर।** केकड़ी में तालाब से बॉल निकालने गए दो नाबालिगों की डूबने से मौत हो गई। सावर थाना प्रभारी सुमन चौधरी ने बताया कि सावर निवासी जिशान शेख (15) पुत्र मोहम्मद शरीफ, रिहान रजा (17) पुत्र तालिब हुसैन दोपहर में करीब 1 बजे बस स्टैंड के पीछे स्थित तालाब के पास खेल रहे थे। इस दौरान तालाब में उनकी बॉल चली गई। बॉल निकालते समय जिशान शेख का पैर फिसल गया और वह पानी में गिर गया। जिशान को बचाने के लिए रियान रजा भी पानी में उतर गया।

### सैनी समाज की बैठक में विवाह सम्मेलन पर चर्चा

**चाकसू।** सैनी समाज की ओर से सामूहिक विवाह सम्मेलन व मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर बैठक आयोजित की गई। विधि सलाहकार भवानी शंकर अजमेरा व रामावतार सैनी ने बताया कि पहली बार विवाह सम्मेलन को लेकर माली समाज इतिहास रचने जा रहा हैं। इसको लेकर रामपुरा गांव स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सैनी छात्रावास मे समाज की बैठक हुई। समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा ने बताया कि 17 अप्रैल को होने वाले विवाह सम्मेलन में प्रधानकुंड की बोली 1 लाख 51 हजार रुपए में रामकरण गुणिदिया व बद्रीनारायण गुणिदिया की छोड़ी गई। प्रधान कलश की बोली 72 हजार रुपए और प्रधान ध्वज की बोली 52 हजार रुपए भैरूराम बिलुणिया की छोड़ी गई।

### भाजपा नेता ने जन्मदिन पर किए सेवा कार्य



**चाकसू।** भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया ने मंगलवार को 51वें जन्मदिन को सादगी, सेवा और समर्पण के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने जनसेवा और परोपकार के कार्य एवं धार्मिक अनुष्ठान किए। पूर्व राज्यमंत्री विकेश खोलिया अपनी धर्मपत्नी निर्मला खोलिया के साथ सुबह 8 बजे श्रीचम्पेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे और भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक किया। वहीं शीतलामाता के दर्शन किए तथा जरूरतमंद बच्चों को मिठाई बांटी। खोलिया ने श्रीराम वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों की सेवा कर उनकी कुशलक्षेम जानी और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**ब्यावर जिले में धुलंडी के दूसरे दिन 'देवर कोड़ा मार' होली देखने उमड़े लोग, निकाली शोभायात्रा**

# नटखट देवरों ने डाला रंग तो भाभियों ने भी बरसाए कोड़े

**बेधड़क** | ब्यावर

जिले की ऐतिहासिक देवर भाभी की कोड़ा मार होली मंगलवार को खेली गई। धूलंडी के दूसरे दिन जीनगर समाज की ओर से वर्षों से देवर-भाभी की होली खेली जाती रही है। इसमें नटखट देवर भाभियों पर रंग डालते हैं।



वहीं, भाभियां कपड़े का कोड़ा पानी में भिगोकर देवरों पर बरसाती हैं। इस अनूठी होली को देखने के लिए दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग ब्यावर पहुंचे। जीनगर समाज के पदाधिकारी जवरी लाल सिसोदिया ने बताया कि देवर भाभी की होली धुलंडी के दूसरे दिन खेली जाती है। परंपरा के अनुसार कोड़ा मार होली से पहले दोपहर को चांग गेट स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाती है। शोभायात्रा पाली बाजार और मुख्य बाजार से होते हुए मंगल बाजार के सामने पहुंची। यहां पहले से ही बड़े कड़ाव में सात तरह के रंग घोलकर रखे जाते हैं। सिसोदिया ने बताया कि कड़ाव में ठाकुरजी को भी रंग लगाया जाता है। इसके बाद देवर भाभी की प्रसिद्ध कोड़ा मार होली शुरू होती है। करीब 160 वर्षों से ब्यावर में कोड़ा मार होली खेली जा रही है। आजादी से पहले भी जीनगर समाज की ओर से इसी तरह से कोड़ा मार होली खेली जाती रही है। जीनगर समाज की इस वर्षों पुरानी परंपरा को जीवंत रखने के लिए समाज के लोग पूरा सहयोग करते हैं। मंगलवार को बाजार के बीचों-बीच देवर भाभी की कोड़ा मार होली का आयोजन हुआ। इसमें रंग से भरे 7 बड़े कड़ाव होली खेलने के लिए रखे गए। इन कड़ाव में नीला, पीला, लाल, गुलाबी, हरा, केसरिया और गुलाबी रंग पानी में मिलाया गया। देवर इस रंग की बौछार भाभियों पर करते हैं और भाभियां बदले में नटखट देवरों की पिटाई कोड़े मारकर करती है।

### भाभियां चार दिन पहले से करती हैं कोड़ा बनाने की तैयारी

सिसोदिया ने बताया कि भाभियां कोड़ा बनाने की तैयारी चार दिन पहले से करतीं हैं। सूती लहरिया रंग के कपड़े को कोड़ा बनाने में उपयोग लिया जाता है। इस कपड़े को घुमाव देकर (बट) लगाया जाता है। इसके बाद दो दिन तक इस कपड़े को पानी में भिगो कर रखा जाता है। मंगलवार को जब देवर भाभी की होली शुरू हुई तो भाभियों ने देवरों पर जमकर कोड़े बरसाए। खास बात यह है कि देवर कोड़ों की मार को भाभियों का स्नेह और आशीर्वाद समझते हैं। नटखट देवर भाभियों को रंगों से भिगोते हैं। देवरों की इस शरारत पर उन्हें भाभी की मार मिलती है। असल मायने में यह उत्सव देवर भाभी के स्नेह का प्रतीक है।

### केवल जीनगर समाज के लोग होते हैं शामिल

देवर भाभी की कोड़ा मार होली में केवल जीनगर समाज के लोग ही शामिल रहते हैं। अन्य समाज के लोग इसमें शामिल नहीं होते। देवर भाभी की कोड़ा मार होली को देखने के लिए दूर-दराज से लोग ब्यावर आते हैं। इस बार करीब 25 मिनट तक यह होली खेली गई। इस उत्सव का समापन चारभुजा नाथ की शोभायात्रा के वापस चांग गेट स्थित मंदिर पर पहुंचने के बाद हुआ। बुजुर्गों की ओर से शुरू की गई कोड़ा मार होली की परंपरा को वर्तमान पीढ़ी पूरी शिद्दत के साथ निभा रही है। वहीं, अगली पीढ़ी भी इस परंपरा को निभाने के लिए तैयार हो रही है।

**BJP प्रत्याशी सुमेधानंद की नामांकन रैली में पहुंचे सीएम**

# कांग्रेस ने लोगों को ठगा, यमुना जल के लिए केंद्र ने की पहल

**बेधड़क** | सीकर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित प्रदेश के भाजपा नेता मंगलवार को स्वामी सुमेधानंद सरस्वती की नामांकन सभा में शामिल होने सीकर आए। यहां मुख्यमंत्री शर्मा ने रामलीला मैदान में नामांकन सभा को संबोधित किया। अपने भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा कि शेखावाटी वीरों, किसानों और सैनिकों की धरती है।

यहां कई सालों से यमुना जल के लिए मांग थी, जिसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल ही में पूरा किया है। अपने संबोधन से पहले मुख्यमंत्री शर्मा ने खाटूश्यामजी, जीणमाता, सालासर बालाजी और सांगलिया धूणी को प्रणाम करते हुए कहा कि सीकर वो धरती है, जहां पर भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जाटों को आरक्षण देने की शुरुआत की थी।

इसी धरती से पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व मुख्यमंत्री और देश के उपराष्ट्रपति रहे स्व. भैंरो सिंह शेखावत ने अंत्योदय योजना शुरू की थी। उन्होंने कहा कि झुंझुनूं के कांग्रेसी नेता कभी भी नहीं चाहते थे कि यहां पर यमुना का पानी आए, क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा लोगों को ठगने का काम किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता, मुख्यमंत्री रहे स्व. भैंरो सिंह शेखावत ने 1994 में यमुना के पानी के लिए पहला पत्र केंद्र सरकार को लिखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शेखावाटी में सालों से चली आ रही शुद्ध पेयजल और सिंचाई के लिए पानी को मांग को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यहां के लिए पानी की मांग रखी और पीएम मोदी ने तुरंत हरियाणा के मुख्यमंत्री से बात करके शेखावाटी के लिए यमूना जल समझौता करने के लिए कहा और 17 फरवरी को समझौता हो गया। सीएम शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, तुष्किरण, आतंकवाद था, 2014 में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, तब देश को इनसे मुक्ति मिली है।



### नहीं बख्शे जाएंगे पेपरलीक के दोषी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही पेपर माफियाओं के लिए एसआईटी का गठन कर दिया और अब तक 65 से अधिक लोग गिरफ्तार भी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही गेहूं की खरीद का एमएसपी मूल्य बढ़ाया है। किसानों की सम्मान निधि बढ़ाई है, पेट्रोल-डीजल की दरों में कमीं की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने वो सभी वादे पूरे करेगी जो जनता से किए हैं।

### देश को विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हैं मोदी: दीया

सीकर में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश को एक सफल और विकसित राष्ट्र बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे में यहां से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को सर्वाधिक वोटों से जीताकर संसद में भेजना है। तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने के बाद भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनेगा। उन्होंने कहा कि सीएम शर्मा ने शेखावाटी को पानी देकर वादा निभाया है।

### इन्होंने भी किया संबोधित

सीकर की सभा को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जिले के प्रभारी गौतम दक, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए लालायित है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को स्वयं को ही उम्मीदवार मानते हुए कार्य करना है और घर-घर जाकर प्रचार-प्रसार करना है।

**चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर**

# खेत में बकरी घुसने की बात पर लाठी-भाटा जंग, मची चीख-पुकार



**बेधड़क** | धौलपुर

कोलारी थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव में मंगलवार को खेत में बकरी घुसने पर दो पक्षों में लाठी भाटा जंग हो गई। दोनों तरफ से हुए संघर्ष में एक पक्ष के एक महिला समेत चार जने घायल हुए हैं। घायलों को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दो घायलों के गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। घायल पक्ष की प्रीति ने बताया उसका बेटा खेतों में बकरियां चराने गया था।

गांव के ही दुर्गा के खेत में अचानक बकरी चरने के लिए घुस गई। बेटा बकरी को निकालने के लिए खेत में घुस गया। इसी दौरान दुर्गा पक्ष के लोगों ने लामबंद होकर लाठी डंडों से जानलेवा हमले कर दिए। आरोपियों द्वारा किए गए हमले में 45 वर्षीय उदय छारी पुत्र अतर सिंह, 16 वर्षीय करन सिंह पुत्र निलेश छारी, 22 वर्षीय तुषार पुत्र यशवंत सिंह एवं 38 वर्षीय प्रीति पत्नी राजू घायल हो गए। घायल पक्ष के लोग शिकायत लेकर मालोनी खुर्द पुलिस चौकी पर पहुंच गए। आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस कर्मियों ने भी उनकी कोई मदद नहीं की है और भला बुरा कहकर चौकी से भगा दिया। घायलों को परिजनों ने जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करा दिया है। करन और तुषार के गंभीर चोटें बताई जा रही हैं। उधर घटना को लेकर कोलारी थाना प्रभारी भंवर सिंह ने बताया थाना क्षेत्र के कोलुआ गांव में दो पक्षों में बकरी चराने को लेकर मारपीट हुई है। एक पक्ष के चार जने घायल बताए जा रहे हैं। घायल पक्ष द्वारा रिपोर्ट देने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घायलों का मेडिकल कराकर मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों के लाठी डंडों से किए गए हमले से खेतों में चीख पुकार मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। हमलावर युवक लाठी डंडे हाथों में लेकर हमला करने के लिए दौड़ रहे हैं। महिला एवं युवतियां चीख पुकार कर रही है।

**पुलिस ने भी जमकर खेली होली, चंग की थाप पर झूमे**

# रंगोत्सव के जश्न में डूबे रहे लोग

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में रंगो का पर्व होली और धुलंडी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सवेरे से ही युवाओं और बच्चों की टोलियां घरों से बाहर निकल पड़ी और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जमकर होली खेली।



विधायक रामावतार बैरवा, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, भाजपा नेता पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरतलाल मीणा, समाज सेवी सुरज्ञान सिंह बड़ोदिया, सवाई माधोसिंहपुरा सरपंच रामजीलाल यादव ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के बीच होली मनाई और चंग की थाप पर लोगों के साथ झूमते नाचते रहे। वहीं मंगलवार को पुलिस थाना चाकसू, कोटखावदा, शिवदासपुरा में पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों नें होली खेली। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों के संग जमकर होली खेली और एक-दूसरे को गले लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दी। तिलक के साथ होली के पर्व की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे गुलाल के रंग में माहौल रंग गया और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। गुंजिया की मिठास के साथ होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**नामांकन रैली व चुनाव तैयारियों को लेकर बैठक**

# मुरारीलाल को टिकट से कांग्रेसियों में जोश

**बेधड़क** | चाकसू

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कमर कस ली है। दौसा से पूर्व मंत्री मुरारीलाल मीणा को टिकट मिलने के बाद कांग्रेसजनों में भारी उत्साह नजर आ रहा है।



इससे मंगलवार को चाकसू कस्बे के कोटखावदा रोड स्थित एक विवाह स्थल में कांग्रेस के चाकसू पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सीट प्रभारी एवं पूर्व प्रधान हेमराज अवाना व हरिओम मेहर ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन रैली व चुनाव संबंधित तैयारियों पर चर्चा की। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम मीणा ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं को एक मत होकर पार्टी के लिए काम करने और संगठन मजबूती पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से उठाने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एकजुटता से 2024 में पार्टी की जीत की राह आसान होगी। ऐसे में कार्यकर्ता कमर कस लें और चुनाव तैयारियों में पूरे जोश के साथ जुट जाएं। पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मीणा ने भाजपा की जन विरोधी नितियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा का महिला सशक्तिकरण का दावा खोखला है। मीणा ने बताया कि बुधवार को सुबह 10 बजे नामांकन रैली में चाकसू से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता दौसा पहुंचेंगे। बैठक में पूर्व विधायक प्रकाश बैरवा, महिला कांग्रेस कमेटी ज़िला अध्यक्ष कविता गुर्जर, रानी चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर, लल्लू लाल कुमावत, यूथ अध्यक्ष लोकेश मीना, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद नागोरी, सरपंच मक्खन बड़गुर्जर, कांग्रेस नेता सुरज्ञान सिंह, राजेश शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गिर्राज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अनूठी परंपरा निभाने उमड़े लोग**

# राजसी ठाठ से निकाली बादशाह की सवारी... जमकर उड़ाई गुलाल

**बेधड़क** | अजमेर

ब्यावर का सुप्रसिद्ध बादशाह का मेला मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान राजसी ठाठ-बाट के बीच ब्यावर में बादशाह की सवारी निकली गई। बादशाह की सवारी के बीच बीरबल नाचते गाते शामिल हुए। बादशाह से खर्ची पाने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।



प्रजा रूपी जनता में बादशाह ने खर्ची रूपी खूब गुलाल लुटाई। इससे ब्यावर शहर गुलाल से अट गया। बादशाह की सवारी ब्यावर एसडीएम कार्यालय के सामने से गुजरी तो बादशाह ने एसडीएम को फरमान दे डाला। बादशाह सवारी मेला समिति के संयोजक भरत मंगल ने बताया कि ब्यावर में सुप्रसिद्ध बादशाह की सवारी मंगलवार को धूमधाम से निकाली गई। बादशाह की सवारी देखने और खर्ची लूटने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। बादशाह की सवारी के दौरान हर तरफ गुलाल ही गुलाल उड़ती हुई नजर आई। 173 वर्ष पहले ब्यावर में शुरू हुई बादशाह की सवारी की परंपरा को स्थानीय लोग पूरी शिद्दत के साथ आज भी निभाते हैं। धुलंडी के दूसरे दिन यानी मंगलवार को बादशाह की सवारी का आयोजन हुआ। अग्रवाल समाज की ओर से बादशाह को तैयार किया गया। परंपरागत वस्त्र पहन कर बादशाह का मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस बार रोशन प्रकाश सिंहल को बादशाह और श्यामसुंदर गर्ग को वजीर बनाया गया। वहीं बीरबल की भूमिका मुकेश उपाध्याय ने निभाई। बादशाह की सवारी आने पर कई सामाजिक, राजनीतिक, व्यापारिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। बादशाह के आगमन पर जमकर लाल गुलाल उड़ाई गई। बादशाह की सवारी निकलने से पहले जैन समाज की ओर से सवारी में शामिल हजारों लोगों को ठंडाई पिलाई गई।

### बादशाह ने यह सुनाया फरमान

बादशाह की सवारी के दौरान बादशाह ने एसडीएम को फरमान सुनाया। इसके तहत ब्यावर में मेडिकल कॉलेज और लॉ कॉलेज खोले जाएं। सुभाष उद्यान स्थित बिचड़ली तालाब में फैली जलकुंभी की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए और सौंदर्यीकरण के कार्य सुभाष उद्यान में कराया जाए। ब्यावर शहर में स्मैक और अन्य मादक पदार्थों का सेवन युवाओं में बढ़ता जा रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन कड़े कदम उठाए। शहर में प्रतिदिन पनप रही आपराधिक गतिविधियों से जुड़े गिरोह को खत्म किया जाए। ब्यावर शहर को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल किया जाए। इसके लिए प्रपोजल केंद्र सरकार को भेजा जाए। शहर में गिब्सन हॉस्टल जैसे अनेक स्थानों पर सालों से कचरे का विशालकाय ढेर लगा है, इसे साफ करवा कर शहर को स्वच्छ सुंदर रखने की ओर कदम बढ़ाए जाएं।

### तिजोरी में रखते हैं गुलाल रूपी खर्ची

बादशाह की सवारी के दौरान लोगों में खर्ची लूटने की होड़ मची रहती है। दरअसल, सवारी के दौरान बादशाह गुलाल रूपी पुड़िया अशर्फियां के रूप में जनता पर लुटाते हैं और जिसके हाथ में गुलाल की पुड़िया आती है, वह उसे सहेज कर रखते हैं। बादशाह से मिली खर्ची को लक्ष्मी का रूप मानकर लोग इसकी पूजा भी करते हैं और यही वजह है कि बादशाह से मिली खर्ची को लोग तिजोरी और गल्ले में रखते हैं। लोगों को विश्वास है कि ऐसा करने से उनके व्यापार में बरकत होगी। बताया जाता है कि नगर भ्रमण के दौरान बादशाह करीब सवा लाख गुलाल की पुड़िया खर्ची के रूप में जनता में लुटा देते हैं। देर शाम तक बादशाह की सवारी निकली गई। बादशाह की सवारी के दौरान तीन टन से भी अधिक लाल गुलाल का उपयोग होता है। ऐसा माना जाता है कि लाल रंग लक्ष्मी माता को पसंद है। इसी मान्यता के चलते बादशाह की सवारी में लाल के अलावा अन्य किसी भी रंग की गुलाल का उपयोग नहीं होता। सवारी के दौरान इतनी लाल रंग की गुलाल उड़ाई जाती है कि हवा के साथ आस-पास के घरों और इमारतो में ही नहीं सड़क पर भी गुलाल की मोटी परत जम जाती है।

### ISIM में सम्पन्न हुआ रामायण अधिवेशन, स्टूडेंट्स ने समझे रामकथा के अनछुए आयाम

# भगवान राम के जीवन से सीखें बिजनेस मैनेजमेंट के सूत्र

**बेधड़क** | जयपुर

आईएसआईएम कैंपस में चल रहे रामायण एंड मॉडर्न मैनेजमेंट थीम पर आधारित तीन दिवसीय छठे इंटरनेशनल रामायण अधिवेशन के समापन पर दो तकनीकी सत्र हुए।

इनमें राम के जन्म का रहस्य, केवट्स एक्सीलेंस इन सर्विस मार्केटिंग, क्राइसिस मैनेजमेंट एण्ड रजीलिएन्स, धार्मिक बिजनेस मैनेजमेंट और स्कूल स्टूडेंट्स के लिए रामायण व एनईपी-2020 पर आधारित वैल्यू एजुकेशन करिकुलम कॉन्सेप्ट जैसे पहलुओं पर शिक्षाविदों ने विचार साझा किए। अधिवेशन में लगभग 65 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। शोधपत्रों के संकलन की ई-बुक का विमोचन भी किया गया। आईएसआईएम, श्री रामचरित भवन एवं एम्स इंटरनेशनल की ओर से आयोजित हुए इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय लोकाचार पर आधारित भारतीय प्रबंधन के विचार से भारतीय संगठनों को प्रभावी बनाने व विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना व रामायण में निहित मानवीय मूल्यों के संदेश को बढ़ावा देना रहा। अधिवेशन के दौरान आईएसआईएम के विद्यार्थियों ने प्रभु श्रीराम से जुड़े कुछ अहम पहलुओं की झांकियों को सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत किया।

अधिवेशन में यूएसए समेत गुजरात, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि स्थानों से 13 वर्ष के आयु से लेकर 80 वर्ष तक की आयु वर्ग के विभिन्न प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। सभी शोधार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्थान के चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।




## Yuva स्टोरीज

### फंगस से गला जबड़ा और तालू किया रिप्लेस

**बेधड़क** | जयपुर

एसआरके हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने ब्लैक फंगस की समस्या से जूझ रहे एक मरीज को नई जिंदगी देने मे सफलता हासिल की है। ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. विश्राम सिंह गुर्जर ने 32 वर्षीय डायबिटीज के मरीज की दो बार करीब छह घंटे तक सर्जरी कर इस क्रिटिकल केस को सफलतापूर्वक किया। डॉ. विश्राम ने बताया कि मरीज के ब्लैक फंगस के कारण उसकी जबड़े और तालू की हड्डी और



जा चुका है। इस जटिल सर्जरी के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से पूरी टीम को सम्मानित किया गया।

### कार्यशाला में हुई हैप्पी क्लासरूम पर चर्चा



**बेधड़क** | जयपुर

सिरसी रोड स्थित ऑरोबिंदो इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई की ओर से हैप्पी क्लासरूम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के विभिन्न सत्रों मे विशेषज्ञ के रूप में रीटा पी तनेजा और काव्या प्रेमा ने संबोधित किया और हैप्पी क्लासरूम से जुड़े विभिन्न मुद्दों की विवेचना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में टीचर्स ने कार्यशाला को अटेंड किया और क्लासरूम के हैप्पी एनवायरमेंट से जुड़े विभिन्न प्रश्न भी किए। इससे पहले स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर और प्रिंसिपल करुणा नागपाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। नागपाल ने कार्यशाला में मिले टिप्स को बहुमूल्य बताया और इन सत्रों से निश्चित तौर पर शिक्षण मे गुणवत्ता बढ़ने की बात कही।

### गीता के मंत्रों से योग पर होगा शोध



**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर की आयुर्वेद यूनिवर्सिटी में अब गीता मंत्रों पर योग को लेकर शोध किया जाएगा। इसको लेकर गीताधाम तिंवरी व आयुर्वेद यूनवर्सिटी के बीच एमओयू किया गया है। यह एमओयू गीताधाम ट्रस्ट तिंवरी में आयोजित हुई 37वीं अंतर्राष्ट्रीय गीता कॉन्फ्रेंस-2024 में किया गया।

आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि यूनिवर्सिटी में योग साधना एवं मंत्र चिकित्सा अध्ययन केंद्र स्थापना का उद्देश्य 'सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः' विश्व कल्याण की संकल्पना को साकार करना है। इसके तहत मनोदैहिक विकारों के समुचित प्रबंधन को लेकर योग एवं गीता के मन्त्रों पर शोध किया जाएगा। एमओयू के दस्तावेज को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल एवं गीता धाम ट्रस्ट तिंवरी के अध्यक्ष रमन कुमार टोगनाटा ने एक दूसरे को सौंपा। इस एमओयू के तहत अब यूनिवर्सिटी में योग करते समय गीता मंत्रों का प्रयोग किया जाएगा। इन मंत्रों से योग करते समय सेहत व शरीर पर क्या क्या प्रभाव होता है इस पर शोध होगा। इस दौरान यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस की सहायक प्रोफेसर डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद व यूनिवर्सिटी कॉलेज एवं योग, नेचुरोपैथी के स्टूडेंट मौजूद थे।

### ICAI जयपुर शाखा की ओर से सेमिनार

# महिला चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ने पढ़ा उत्कृष्टता का पाठ



**बेधड़क** | जयपुर

दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की जयपुर शाखा की ओर से सीए महिला सदस्यों के लिए सेमिनार 'उत्कृष्टता @ 360' का आयोजन ब्रांच में किया गया। जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण, और उनकी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना था।

प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर इनकम टैक्स रोली अग्रवाल इस कॉन्फ्रेंस की मुख्य अतिथि रही जो महिलाओं के उत्कृष्टता और सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने सीए संस्थान को इस सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी, साथ ही महिला सदस्यों को भारतीय संविधान के पुनर्निर्माण में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया और उनको उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




इस सम्मेलन के द्वारा महिला सीए सदस्यों को न केवल उनके कॅरिअर के लिए मार्गदर्शन दिया गया बल्कि उन्हें आपसी सहयोग और समर्थन का माहौल भी प्रदान किया गया। प्रथम सत्र में डॉ. मितुल गुप्ता और डॉ. फियोनिका मेहता ने स्वास्थ्य और स्वच्छता पर अपना व्याख्यान दिया।

उन्होंने स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए सही हाइजीनिक आदतों की महत्वता और स्वास्थ्य संबंधी संक्रमणों से बचाव के उपायों पर चर्चा की।

साथ ही महिलाओं को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल में सक्रिय भागीदार बनने की प्रेरणा दी।

**अचीवर्स ने साझा की अपनी कहानी**

प्रोग्राम डायरेक्टर सीए रुचि गुप्ता ने विभिन्न क्षेत्रों से आई महिला प्रतिनिधियों जैसे अर्चना सुराणा फाउंडर एंड डायरेक्टर आर्च कॉलेज एंड डिज़ाइन, शिवांगी सारदा फिटनेस कोच एंड एथलीट, सीए निकिता सोनी से अपनी सफलता की कहानी साझा करने का अनुरोध किया। सभी ने यह मैसेज दिया कि हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास और संघर्ष की आवश्यकता होती है और अगर हम निरंतर प्रयास और परिश्रम करें तो किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। अंत में एक फैशन शो का भी आयोजन किया गया जिसमे मिसेज राजस्थान अंशुल पारीक प्रथम रनर अप, श्रुति सेठी द्वितीय रनर अप, अक्षिता जैन और उपस्थित महिला सीए सदस्यों ने भाग लिया। महिला सदस्यों ने इस दौरान एक दूसरे के रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दीं।

### नौवां एडिशन आज होगा आयोजित

# दीपक एस पारेख को मिलेगा JKLU लॉरिएट अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

पद्म भूषण से सम्मानित और एचडीएफसी के पूर्व चेयरपर्सन दीपक एस पारेख को बुधवार को प्रतिष्ठित जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से नवाजा जाएगा।

जेके समूह के संस्थापक हरि शंकर सिंघानियां की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर योगदान के लिए ख्यातनाम हस्तियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड का यह नौवां एडिशन होगा। इस अवॉर्ड से पूर्व में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. प्रणव मुखर्जी समेत अन्य नामचीन हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है।

जेकेएलयू के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने बताया कि समूह की ओर से यह अवॉर्ड देश एवं समाज के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को दिया जाता है, जिससे युवाओं को और बेहतर करने का प्रोत्साहन मिल सके।

अवॉर्ड कार्यक्रम के संयोजक रजिस्ट्रार केके माहेश्वरी ने बताया कि आयोजन की तैयारी बड़े पैमाने पर की जा रही है। स्टूडेंट्स का कार्यक्रम को लेकर खासा क्रेज है और इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पारेख 'विकसित भारत, विजन इंडिया 2047 युवाओं के लिए अवसर' विषय पर युवाओं को संबोधित करेंगे।



**इन मूल्यों पर मिलता है अवॉर्ड**

जेकेएलयू लॉरेट अवार्ड विशिष्ट बौद्धिक, नैतिक और आध्यात्मिक क्षमता के व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है, जिनका समाज के प्रति योगदान जेके समूह के मूल्यों को दर्शाता है, जिससे युवाओं को जीवन के अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए ऐसे रोल मॉडल से प्रेरणा मिल सके। जेकेएलयू लॉरिएट अवॉर्ड से अब तक पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, डॉ. के कस्तुरीरंजन, लॉर्ड मेघनंद देसाई, कैलाश सत्यार्थी, प्रो रामचरण, अरूंधती भट्टाचार्य, प्रो. आरए मशेलकर सरीखी हस्तियों को सम्मानित किया जा चुका है।

### पुस्तक का विमोचन 31 को

**जयपुर**। पॉपुलर एस्ट्रॉलोजर डॉ.निर्मला सेवानी व एनी मिलर लिखित बुक 'मौनः ए मीटिंग विद साइलेंस' का विमोचन 31 मार्च को होगा। सी स्कीम स्थित एक मैरिज गार्डन मं आयोजित होने वाले समारोह में कई नामी लेखक व लोग मौजूद रहेंगे। डॉ. निर्मला सेवानी ने बताया कि पुस्तक मौन उनकी ऑटोबायोग्राफी है, जिसमें उन्होंने अपने संघर्षों और कामयाबी की जीवंत व दिलचस्प दास्तां को बयां किया गया है। एक तेरह वर्षीय उत्साही लड़की निर्मला मौन और आत्म-खोज के मार्ग पर चलती है। स्पष्ट उपाख्यानों और अंतरंग प्रतिबिंबों के माध्यम से संस्मरण और संवेदनशील दृष्टिकोण का दस्तावेज है, जो पाठक को गहरी चुप्पी के साथ गहन अंतर्दृष्टि की यात्रा से जोड़ती है। गौरतलब है कि डॉ. निर्मला सेवानी को गुप्त विज्ञान और भारतीय ज्योतिष में शोध के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। वे दो बार भारत निर्माण पुरस्कार से सम्मानित हैं।

**अचीवमेंट** | 'डिस्टिंग्विश्ड डिजिटली इंटीग्रेटेड इंक्यूबेशन एंड एक्सेलरेटर प्रोग्राम' में राजस्थान की छाप

# जेईसीआरसी इन्क्यूबेशन सेंटर को मिला रजत पदक

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर को द इकोनॉमिक टाइम्स की ओर से 'डिस्टिंग्विश्ड डिजिटली इंटीग्रेटेड इंक्यूबेशन एंड एक्सेलरेटर प्रोग्राम' श्रेणी के लिए रजत पदक से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार जेईसीआरसी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा डिजिटल रूप से एकीकृत इनक्यूबेशन कार्यक्रमों में असाधारण योगदान के लिए दिया गया है।

ये सम्मान राजस्थान के उभरते स्टार्टअप परिदृश्य में नवाचार को बढ़ावा देने और उद्यमशीलता प्रतिभा को पोषित करने की दिशा में जेईसीआरसी के कामों के चलते दिया गया है। इन्क्यूबेशन सेंटर ने राज्य व बाहर के युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

'डिस्टिंग्विश्ड डिजिटली इंटीग्रेटेड इंक्यूबेशन एंड एक्सेलरेटर प्रोग्राम' श्रेणी का प्रथम पुरस्कार बिट्स पिलानी ने प्राप्त किया।

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थित, जेईसीआरसी इनक्यूबेशन सेंटर ने सफलतापूर्वक 10 करोड़ से अधिक गवर्नमेंट ग्रांट्स प्राप्त किए हैं और 5+ करोड़ इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स को फंडिंग में वितरित किए हैं।



**स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता**

हेड डिजिटल स्ट्रेटजी, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी धीमंत अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह पुरस्कार स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और राजस्थान में स्टार्टअप को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे प्रयासों की मान्यता है। हम स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने और उन्हें सफलता प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखेंगे। इनक्यूबेशन मैनेजर, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी कोमल जोशी ने खुशी जताते हुए कहा की हम स्टार्टअप्स को उनके सपनों को साकार करने में और राजस्थान में स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा देने में अपना योगदान देते रहेंगे।

# कांग्रेसी परंपरा के विरुद्ध है जातीय जनगणना



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जातिवार गणना कराने का बिगुल फूंकने में लगे हैं, वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने इस मुद्दे पर असहमति जताई है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर साफ किया है कि जातीय गिनती कराया जाना इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अनादर है। शर्मा ने जाति पर कांग्रेस के ऐतिहासिक रूख को इंगित करने के लिए इंदिरा गांधी के 1980 में लगाए नारे, 'न जात पर न पात पर मोहर लगेगी हाथ पर' को याद किया। उन्होंने यह भी बताया कि 1990 में प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने जातिवाद के निर्मूलन को चुनावी मुद्दा बनाया था। अतएव इस परंपरा से पीछे हटना इंदिरा और राजीव की विरासत के अपमान के रूप में समझा जाएगा। परतंत्रता के दौरान फिरंगी हुकूमत ने पहली बार जातिवाद गिनती कराई थी। लेकिन स्वतंत्र भारत में नेहरू जी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने इसकी जरुरत को सिरे से नकार दिया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जोर-शोर से बिहार में केंद्र सरकार की इच्छा के विरुद्ध जातीय गणना कराई थी। तभी से राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन ने इसे मुद्दा बनाकर पूरे देश में जातिवाद गणना कराने की मांग शुरू कर दी है। लेकिन अब उन्हीं नीतिश कुमार ने राजग गठबंधन में शामिल होकर इस मांग को हशिए पर डाल दिया है। कर्नाटक की पिछली कांग्रेस सरकार ने भी जातीय सर्वेक्षण कराया था, लेकिन उसके आंकड़े आज तक सार्वजनिक नहीं किए गए है। यह गिनती इतनी जरूरी है तो राहुल इसी के आंकड़े क्यों उजागर करवा रहे ? कर्नाटक में तो उन्हीं की कांग्रेस सरकार है।

यह तथ्य अपनी जगह ठीक हो सकता है कि जाति, शिक्षा और आर्थिक आधार पर एकत्रित आंकड़े जनकल्याणकारी योजनाओं को अमल करने में मदद करते हैं। इसलिए जातिगत आरक्षण का प्रतिशत भविश्य में बढ़ाया जा सकता है ?

**कांग्रेस नेता आनंद शर्मा ने जातीय गणना को लेकर जताई आपत्ति**

> *"अब इन्हें केवल पूंजी और अंग्रेजी शिक्षा से ही हासिल किया जा सकता है? ऐसे में आरक्षण लाभ के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अर्थाभाव में जरूरी योग्यता और अंग्रेजी ज्ञान हासिल न कर पाने के कारण हाशिये पर उपेक्षित पड़े हैं। अलबत्ता आरक्षण का सारा लाभ वे लोग बटोरे लिए जा रहे हैं, जो पहले ही आरक्षण का लाभ उठाकर आर्थिक व शैक्षिक हैसियत हासिल कर चुके हैं।"*

नीतियां बनाने में भी जातीय गिनती की रिपोर्ट को अमल में लाया जा सकता है। लेकिन आरक्षण को लेकर समाज में जो दुविधाएं और कुंठाएं पनप रही हैं, वहीं परिणति जाति आधारित गणना में भी देखने को मिल सकती है ? क्योंकि आरक्षण का आधार तो जाति आधारित गिनती ही है। देश के सभी राजनीतिक दल जातीय समीकरण के आधार पर ही चुनाव में टिकट बांटते हैं। सपा, बसपा, जनता दल, जदयू जाति आधारित और असदुद्दीन ओवैसी का दल एआईएमआईएम संप्रदाय आधारित हैं। इस लिहाज से यह कहना गलत नहीं लगता कि जातीय गिनती से समाज की संरचना दूषित होगी? वर्तमान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती जातीय आधार पर ही होती है, फिर भी जातीय ताना-बाना अपनी जगह बदस्तूर है। नीतीश कुमार ने तो अति-पिछड़ी और अति-दलित जातियों के विभाजन के आधार पर ही जदयू का वजूद कायम किया हुआ है। भाजपा अब इसमें सेंध लगा रही है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में पिछड़ों का ही वर्चस्व है। स्वयं मोदी इसी वर्ग से आते हैं। इसी वर्ग के एचडी देवगौड़ा भी प्रधानमंत्री रह चुके हैं। नब्बे के दशक में वीपी सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए जब मंडल आयोग की सिफारिशें लागू की थीं, तब से जातीय गणना की मांग तीव्रता से उठती रही है। बिहार समेत अन्य प्रांतों से यह मांग भिन्न विचारधारा वाले राजनीतिक दल उठाते रहे हैं। दरअसल मंडल के बाद मुलायम सिंह, लालू प्रसाद, शरद यादव और नीतीश कुमार ने इस राजनीति को धार दी। इसी का परिणाम निकला कि उत्तर-प्रदेश और बिहार में यह राजनीति कांग्रेस को बेदखल करके उत्कर्ष के चरम पर पहुंची। डॉ राममनोहर लोहिया की समाजवादी वैचारिकता से उदय हुई इस राजनीति का नारा है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' हालांकि इन्हीं मांगों के चलते 2011 की जनगणना के साथ अलग से एक प्रारूप पर सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना की गई थी। किंतु मूल जनगणना के साथ की गई इस गिनती के आंकड़े न तो मनमोहन सिंह सरकार ने उजागार किए और न ही नरेंद्र मोदी सरकार ने ? इस तरह की गणना की मांग करने वाले नेताओं का कहना है कि इसके निश्कर्श से निकले आंकड़ों के आधार पर जिन जातियों की जितनी संख्या है, उस आधार पर कल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिले ? लेकिन यदि हमारे नीति-नियंताओं में जरा भी दूरदृष्टि है तो पहले, इस विषय पर एक राष्ट्रीय विमर्श कराएं और फिर इससे निकले निश्कर्श पर अमल करें। दरअसल जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें सतह पर तो खूबियां दिखाई देती हैं, लेकिन अनेक डरावनी आशंकाएं भी इसके गर्भ में छिपी हैं। बहरहाल आनन-फानन में ऐसे गंभीर मुद्दे पर कोई आसान निर्णय भविष्य में कठिन साबित हो सकता है ? हालांकि भारत में 1931 की जातीगत जनगणना के आधार पर यह अनुमान लगाया गया था कि पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी है, जिसे इस गणना के पैरोकार 60 फीसदी तक मानते हैं। 2011 में जिलेवार जातियों का नमूने के आधार पर पिछड़ेपन का आकलन किया गया था, लेकिन इसके नतीजे विसंगतिपूर्ण देखने में आए। निश्कर्शतः कोई जाति एक जिले या एक प्रांत में पिछड़ी थी, तो वही जाति दूसरे प्रांत में समाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप में सक्षम व संपन्न थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## चुनावी परिदृश्य: जयपुर शहर व ग्रामीण लोकसभा सीट

# कांग्रेस: भाजपा का गढ़ भेदने की चुनौती



**गजानन्द शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार



> *"भाजपा के सियासी तुणीर में जातीय समीकरणों को साधने के अलावा दो और सियासी तीर पीएम मोदी का नाम और राम मंदिर भी हैं। ये दोनों तीर ऐसे हैं जो नाकाम नहीं रहे हैं। दोनों दलों के बीच एक और अंतर है चुनाव प्रबंधन का। जैसे सेना में एक स्ट्राइक कोर होती है और वह युद्ध में मोर्चे पर सबसे आगे रहती है। वैसे ही भाजपा के पास एक संगठनात्मक स्ट्राइक कोर है और जमीनी स्तर पर मतदाताओं के साथ संपर्क का व्यापक प्रबंधन है।"*

राजस्थान में लोकसभा चुनावों को लेकर तस्वीर वस्तुतः लगभ साफ हो गई है। राज्य की दोनों पार्टियों भाजपा और कांग्रेस ने 25 में से 22 -22 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। राज्य की प्रतिष्ठित सीटों में से एक राजधानी जयपुर की सीट पर भी चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। कांग्रेस ने यहां पूर्व में घोषित अपने प्रत्याशी सुनील शर्मा को बदलकर कर अशोक गहलोत मंत्रिमंडल के सदस्य रहे कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास को टिकट दिया है, वहीं भाजपा ने मौजूदा सांसद रामचरण बोहरा का टिकट काटकर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और दिग्गज नेता रहे भंवरलाल शर्मा की पुत्री मंजू शर्मा को टिकट दिया है। जयुपर ग्रामीण से भाजपा ने राव राजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। जबकि कांग्रेस ने अनिल चोपडा को प्रत्याशी बनाया है। हाल के विधानसभा चुनावों पर एक नतीजा डालें तो जयपुर शहर में भाजपा व ग्रामीण में कांग्रेस का दबदबा नजर आता है। लेकिन तब चुनाव में स्थानीय मुद्दे भी थे। अब बात पीएम मोदी बनाम विपक्ष पर है। कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही अंदरूनी कलह में उलझ गई थी और अंततः उसे जयपुर शहर प्रत्याशी को बदलना पडा।

जयपुर सीट भाजपा का मजबूत गढ माना जाती है और पिछले दो चुनावों में 2014 और 2019 में भाजपा के रामचरण बोहरा ने बडे अंतर से जीत हासिल की थी; लेकिन बोहरा को पार्टी ने इस इस बार मौका नहीं दिया। भाजपा ने यहां से एक बार फिर ब्राह्मण प्रत्याशी को अवसर दिया है, वहीं जयपुर ग्रामीण से एक बार फिर राजपूत प्रत्याशी को टिकट देकर ब्राह्मण-राजपूत के सामाजिक समीकरण को साधने का प्रयास किया है। जयपुर के जातीय समीकरण में ब्राह्मण-राजपूत-वैश्य की अहम भूमिका रही है। बाद में मुस्लिम व एससी एसटी वर्ग की बडी भूमिका रही है। अब यहां सवाल यह है कि क्या कांग्रेस खाचरियावास के माध्यम से भाजपा के परम्परागत राजपूत वोटों में सेंध लगा सकेगी या राव राजेंद्र सिंह इस संभावित वोट बंटवारे को संतुलित कर देंगे? ग्रामीण अंचल में ओबीसी वोटों की भी अहम भूमिका रहने वाली है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में जाट, ब्राह्मण और अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है. जबकि गुर्जर, यादव, मीणा, राजपूत, माली और वैश्य मतदाता भी प्रभावी स्थिति में हैं। भाजपा के सियासी तुणीर में जातीय समीकरणों को साधने के अलावा दो और सियासी तीर पीएम मोदी का नाम और राम मंदिर भी हैं। ये दोनों तीर ऐसे हैं जो नाकाम नहीं रहे हैं। दोनों दलों के बीच एक और अंतर है चुनाव प्रबंधन का। जैसे सेना में एक स् ट्राइक कोर होती है और वह युद्ध में मोर्चे पर सबसे आगे रहती है। वैसे ही भाजपा के पास एक संगठनात्मक स् ट्राइक कोर है और जमीनी स्तर पर मतदाताओं के साथ संपर्क का व्यापक प्रबंधन है। कांग्रेस को भाजपा का किला भेदने के लिए इसका तोड चाहिए।

जयपुर ग्रामीण सीट परिसीमन के बाद 2009 में अस्तित्व में आई थी और पहली बार 2009 में यहां से कांग्रेस के लालचंद कटारिया विजयी हुए थे। लेकिन बाद के 2014 और 2019 चुनावों में भाजपा के राज्यवर्धन सिंह राठौड यहां से विजयी हुए थे। मोदी सरकार-1 में वह केंद्र में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भी रहे। पार्टी ने एक सुविचारित रणनीति के तहत उनको विधानसभा चुनाव में जयपुर की एक सीट से चुनाव मैदान में उतारा और वह विधानसभा पहुंच गए। राठौड की जगह भाजपा ने अपने कद्दावर नेता राव राजेंद्र सिंह को टिकट दिया है। राव राजेंद्र सिंह के रूप में पार्टी नें यहां एक मजबूत प्रत्याशी उतारने के साथ कई सामाजिक समीकरण भी साधे हैं। सिंह का मुकाबला कांग्रेस के युवा प्रत्याशी अनिल चोपडा से हैं। हालांकि सिंह 2009 में इसी सीट से चुनाव हार चुके हैं।

### गायत्री देवी व गिरधारी लाल भार्गव ने रचा इतिहास

जयपुर कांग्रेस का अभेद्य किला कभी नहीं रहा। जयपुर से कांग्रेस सिर्फ तीन बार 1952, 1984 और 2009 में ही यहां से विजयी रही है। 1952 में हुए पहले आम चुनाव में यहां से कांग्रेस के दौलतमल भंडारी विजयी हुए थे। इसके बाद यहां की सियासत में एक दशक पूर्व महारानी गायत्री देवी का रहा। वे तीन बार-1962 से 1971- जीतकर लोकसभा में पहुंची। वे यहां की लोकप्रिय नेता रहीं। कांग्रेस को सफलता 1984 के आम चुनाव में मिली जब पार्टी के कद्दावर नेता रहे नवल किशोर शर्मा ने भाजपा के सतीशचंद्र अग्रवाल को पराजित किया। इसके बाद कांग्रेस को करीब ढाई दशक बाद सफलता मिली जब 2009 के चुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश जोशी भाजपा के घनश्याम तिवाड़ी को पराजित कर लोकसभा पहुंचे। इसके बीच के समय में गिरधारी लाल भार्गव ने भाजपा की जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने 1989 से 2004 तक लगातार छह बार जीत दर्ज कर भाजपा के दुर्ग को अभेद्य बनाए रखा।

### विधानसभा चुनावों की तस्वीर

**जयपुर ग्रामीणः** हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में आने वाली 8 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस का दबदबा रहा था। इनमें से जयपुर जिले की आमेर, कोटपुतली, विराटनगर,, जमवा रामगढ़ और अलवर जिले की बानसूर सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की. जबकि झोटवाडा व फुलेरा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की वहीं शाहपुरा सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा।

### जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र

जयपुर शहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटो शामिल हैं जिसमें जयपुर शहर की विद्याधर नगर, हवामहल, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर, सांगानेर तथा ग्रामीण अंचल से बगरू सीट शामिल है। इनमें से कांग्रेस के खाते में किशन पोल व आदर्श नगर सीटें आईं। भाजपा के विजयी प्रत्याशियो में ब्राह्मण, राजपूत व वैश्य प्रत्याशी प्रमुख रहे। कांग्रेस के दोनों अल्पसंख्यक प्रत्याशी विजयी रहे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# व्यंग्य लेखन : जी हल्का करने का माध्यम



**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार

जब दिल में गुबार हो, मन उबलने को आतुर हो रहा हो, अंदर ही अंदर कोई टीस खाएं जा रही हो, तब देर न करें, तुरंत कागज कलम लेकर भावनाओं को शब्दों के आकार में ढाल लेंवे। देखते ही देखते अच्छी खासी व्यंग्य रचना तैयार हो जाएगी। मन एकदम हल्का हो जाएगा और दिमागी बोझ से मुक्ति मिल सकेगी। चतुर सुजान कहते हैं कि किसी न किसी मामले में खार खाए लोग ही व्यंग्य का सृजन कर सकते हैं। गंभीर से गंभीर बात को हास्य का पुट देकर अच्छे-अच्छों की धज्जियां उड़ाई जा सकती है। हंसते-हंसते सामने वाले को खरी खोटी सुनाने का व्यंग्य लेखन ही एक सशक्त माध्यम है।

जब से राजनीति के मैदान में विसंगतियों का बोलबाला हो रहा है, तब ही से व्यंग्य का सृजन करने वालों में राजनीति का काम तमाम करने की होड़ लगी हुई है। वैसे किसी की व्यक्तिगत आदत पर कटाक्ष करना एक प्रकार से खतरे से खाली नहीं होता। आशंका इस बात की रहा करती है कि कहीं कोई बुरा न मान जाए। कलम का तीर जब किसी को आहत कर बैठता है, सामने वाले के मन में अनावश्यक रूप से शत्रुता पनपने लगा करती है।

अच्छा और जमा जमाया व्यंग्यकार वही बनने की काबिलियत रखता है जो किसी से राखी ताखा करके नहीं चलता। कई बार ऐसा भी होता है कि किसी विषय का चयन कर लिखने और फिर छपने के बाद ऐसा एहसास होता है कि फलाने फलाने ने उसे अपने दिल पर ले लिया है। ऐसे में नाहक ही हमें सामने वाले से नज़रे चुराने को विवश होना पड़ सकता है। इसे कहते हैं खाया पिया कुछ नहीं और गिलास फोड़ा बारह आना।

अब यह तो पता नहीं कि इसका अर्थ क्या हुआ, लेकिन जब कभी कलम का तीर किसी को घायल कर बैठता है -तो तो अपराध बोध की ग्रंथि मन में समा जाती है। कभी-कभी तो बने- बनाएं वर्षों पुराने संबंध भी दाव पर लग जाया करते हैं। वैसे एक बात तो तय है कि लगभग हर एक व्यंग्य रचना कहीं न कहीं, किसी न किसी को किसी न किसी हद तक आहत तो कर ही देती है। आदमी कोई 12 महीने तक होली के मूड में तो नहीं बैठा रहता, जो होली है इसलिए बुरा न माने ! आमतौर पर माना जाता है कि जो व्यंग्यकार होते हैं, दिल के बड़े साफ हुआ करते हैं। उनके मन में किसी बात का रत्ती भर भी मलाल होता है तो मलाल के गुलाल को हवा में उड़ा दिया करते हैं। मन का गुबार जब शब्दों में ढल जाता है, व्यंग्यकार का मन साफ हो जाता है।

## नॉलेज कॉर्नर: हाई क्वालिटी पेट्रोल की जरूरत पड़ती है हवाई जहाज में

# हवाई जहाज के विंग्स में इसलिए भरते हैं फ्यूल!

आपमें से काफी लोगों ने प्लेन में कभी न कभी सफर जरूर किया होगा। क्या आपने कभी इस बात पर ध्यान दिया है कि प्लेन को उड़ाने के लिए कितना फ्यूल खर्च होता है और इसे विमान के किस हिस्से में स्टोर किया जाता है। कई लोग सोचते हैं कि टैक्सी-बाइक की तरह इसे अगले या पिछले हिस्से में बने फ्यूल टैंक में रखा जाता होगा। आप जानकर हैरान होंगे कि प्लेन में ऐसा कुछ नहीं होता। फिर हजारों लीटर पेट्रोल प्लेन में आखिर कहां रखा जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से हम आपके ऐसे ही कुछ हैरान करने वाले सवालों का जवाब हम ढूंढकर लाए हैं...

### इसलिए पंखों में भरते हैं फ्यूल

हवाई जहाज में पंखों में फ्यूल इसलिए भरा जाता है। ताकि प्लेन का बैलेंस बना रहे, क्योंकि अगर फ्यूल प्लेन के पीछे हिस्से में होगा तो जब प्लेन उड़ने जाएगा तो इसके आगे का हिस्सा उठ जाएगा और जब जब फ्यूल खत्म होगा तो फिर आगे का हिस्सा झुक जाएगा। यही प्रमुख वजह है जिस वजह से हवाई जहाज के पंखों में ईंधन भरा जाता है। उड़ान के वक्त पंखों पर दवा भी काम होता है और प्लेन का भार समान रूप से पूरे एयरफ्रेम में रहता है। अधिकतर विमान के इंजन भी पंखों में होते हैं इस वजह से फ्यूल को इंजन तक पहुंचने में ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ता। आसानी से फ्यूल इंजन तक पहुंच जाता है।



### प्लेन उड़ाने के लिए इतना फ्यूल आवश्यक

एक प्लेन को उड़ाने में कितने फ्यूल यानी हाई क्वालिटी के पेट्रोल की जरूरत पड़ती है। असल में यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्लेन कितना बड़ा है और उसमें कितनी क्षमता का इंजन लगा हुआ है। एक अनुमान के मुताबिक किसी बोइंग 747 प्लेन को उड़ाने में हर सेकंड करीब 4 लीटर पेट्रोल की खपत होती है। यानी कि जब वह विशालकाय प्लेन हवा में उड़ता है तो करीब 240 लीटर पेट्रोल प्रति मिनट पी रहा होता है। अब आप समझ जाइए कि दिल्ली से कोलकाता तक की ढाई घंटे की दूरी तय करने में एक बोइंग 747 प्लेन कितना फ्यूल हजम कर जाता होगा।

### विंग्स होते हैं अंदर से खोखले

*आपने नोटिस किया होगा कि हवाई जहाज के विंग्स देखने में काफी बड़े लगते हैं, लेकिन अंदर से ये खोखले होते हैं। इन्हीं खोखले विंग में फ्यूल को भरा जाता है। इस वजह से प्लेन का वजन भी संतुलित रहता है। और फ्यूल बड़ी आसानी से इन पंखों में स्टोर कर दिया जाता है।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**X**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
एक ध्येय, एक संकल्प, फिर इस बार मोदी सरकार...। नागौर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा जी की विशाल नामांकन जनसभा को संबोधित किया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि देवतुल्य जनता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में ज्योति मिर्धा जी को विजयश्री का आशीर्वाद देते हुए नागौर सहित राजस्थान की 25 की 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा को रिकार्ड मतों से विजयी बनायेगी।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
@GovindDotasra
वोट की चोट भरे हुंकार, देश में परिवर्तन की पुकार। शेखावाटी की जनता-जनार्दन के असीम स्नेह और आशीर्वाद से हम ऐतिहासिक विजय की ओर अग्रसर है।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा बीजेपी की लोकसभा प्रत्याशी और मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर जो बयान दिया गया है, वह महिलाओं के प्रति कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है।

## महाराष्ट्र: भाजपा घोषित कर चुकी है 23 प्रत्याशी, अन्य की घोषणा जल्द

# राजग में सीटों के बंटवारे पर सहमति, कल घोषणा संभव: अजित पवार

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने बताया कि महायुक्ति यानी राजग सभी 48 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। लगभग सभी मुद्दों पर बातचीत हो चुकी है। राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे को रायगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है।

अजित पवार ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, कौन किस सीट से चुनाव लड़ेगा, इस पर फैसला हो चुका है। लगभग 90 फीसदी चीजें तय हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि महायुक्ति में कोई भ्रम नहीं है। हम एक साथ बैठे और सीट समझौते पर बातचीत की। सीट समझौते पर भाजपा और शिवसेना ने भी सहयोग दिया। पवार ने कहा कि 28 मार्च को एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में महायुति के सीटों के बंटवार की घोषणा की जाएगी। इसमें भाजपा और शिवसेना के नेता भी मौजूद रहेंगे। महायुति में अभी तक सिर्फ भाजपा ने सीटों का ऐलान किया है। भाजपा ने पहले 20 और इसके बाद तीन और प्रत्याशियों का ऐलान किया था। ऐसे में पार्टी कुल 23 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। पार्टी की तरफ से छह से सात प्रत्याशी और घोषित किए जाने की संभावना है। महायुति में शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को 12 से 13 सीटें



मिल सकती हैं, तो वहीं अजित पवार को 6 से सात सीटें मिली सकती हैं। महायुति की तरह ही महाविकास अघाड़ी के घटक दलों में भी सीटों के ऐलान नहीं हुआ है। अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा की तरफ से उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार की उम्मीदवारी तय मानी जा रही थी लेकिन महायुति में राष्ट्रीय समाज पार्टी (रासपा) को एक सीट दिए जाने की चर्चा के बाद अटकलें हैं कि क्या भाजपा बारामती में बड़ा खेल कर सकती है?

बता दें कि महाराष्ट्र के 48 सीटों पर 19 अप्रैल से 20 मई तक पांच चरणों में लोकसभा चुनाव होने वाला है। पिछली लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों पर भाजपा-शिवसेना गठबंधन ने 41 सीटें जीती थी। वहीं राकांपा ने चार, कांग्रेस, एआईएमआईएम और निर्दलीय को महज एक सीट पर जीत मिली।

## वीबीए अभी भी एमवीए का हिस्सा

**मुंबई** । शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा है कि प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) अभी भी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा है। राउत ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए वीबीए के लिए चार सीटें छोड़ने का एमवीए का प्रस्ताव अभी भी खुला है। एमवीए की सहयोगी पार्टियों



कांग्रेस, राकांपा-शरदचंद्र पवार और शिवसेना (यूबीटी) के साथ सीट समझौते पर बातचीत लगभग समाप्त हो चुकी है। राउत ने कहा, बालासाहेब (प्रकाश) अंबेडकर और वीबीए अभी भी एमवीए के साथ हैं। यह एमवीए का एक महत्वपूर्ण घटक है। हमने उनसे चर्चा की। बालासाहेब भी वहां मौजूद थे।

### हिमाचल : पूर्व मंत्री व पूर्व MLA कांग्रेस में शामिल होंगे

**नई दिल्ली**। हिमाचल प्रदेश में एक पूर्व मंत्री व एक पूर्व विधायक ने कांग्रेस से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सूक्खू ने कहा है कि भाजपा के 15 से 20 नेता उनके सम्पर्क में है। हिमाचल में लोकसभा की चार सीटों के चुनाव के साथ छह विधानसभा सीटों के लिए उप चुनाव भी हो रहा है। ज्ञात रहे कि भाजपा ने कांग्रेस के 6 बागियों को टिकट दिया है। इसके बाद ही भाजपा में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। मुख्यमंत्री सूक्खू ने कहा है कि भाजपा के पूर्व मंत्री रामलाल मार्कण्डेय, राकेश कालिया ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा कर दी है। बाकी नेता भी कांग्रेस में शामिल होने वाले है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के कई विधायक पार्टी में घुटन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि 75 साल के इतिहास में पहली हिमाचल प्रदेश में खरीद फरोख्त हुई हैं।

### उत्तराखंड: बसपा के 5 प्रत्याशी घोषित




**देहरादून**। बसपा ने उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को अपने प्रत्याशियों की घोषणा की। टिहरी गढ़वाल से नीम चंद छुरियाल, पौढ़ी गढ़वाल से धीर सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा से नारायण दास, नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट से अख्तर अली माहीगिर और हरिद्वार से जमील अहमद को टिकट दिया गया है। गौरतलब है कि बसपा ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान किया था। बसपा प्रमुख मायावती ने किसी भी दल के साथ गठबंधन से इनकार कर दिया था। इसी के तहत अब उत्तराखंड की पांचों सीटों के लिए बसपा ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

## नहीं हो सका अकाली दल से गठबंधन

# पंजाब में भाजपा अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव: सुनील जाखड़

■ पार्टी कार्यकताओं की राय के आधार पर लिया गया फैसला

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब में भाजपा और अकाल दल के बीच गठबंधन को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। दोनों ही पार्टियों के बीच पंजाब में गठबंधन नहीं होगा। पंजाब में भाजपा अब अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने इसकी पुष्टि की है। जाखड़ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक वीडियो जारी कर इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों के लिए भाजपा ने ये फैसला लिया है।

जाखड़ की ओर से जारी इस वीडियो में कहा गया है कि भाजपा पंजाब में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने जा रही है। पार्टी ने ये फैसला लोगों की राय, पार्टी के कार्यकर्ताओं की राय, नेताओं की राय को लेकर उसके बाद पंजाब की जवानी, किसानी, पंजाब दे व्यापारी, मजदूरों और सबके भविष्य के लिए ये फैसला लिया गया है।

क्योंकि जो काम भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पंजाब में किए हैं वो किसी ने नहीं किए।




### 2019 में दोनों ने मिलकर लड़ा था चुनाव

2019 का लोकसभा चुनाव अकाली दल ने भाजपा के साथ राजग में रहकर ही लड़ा था, लेकिन 2020-21 के किसान आंदोलन के समय दोनों दलों के बीच टकराव बढ़ा, जिसके बाद अकाली दल ने भाजपा से दो दशकों से भी ज्यादा पुराना नाता तोड़ दिया था। विधानसभा चुनाव में इसका असर देखने को मिला था। पंजाब विधानसभा चुनाव में आप ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की और 117 में से 92 विधानसभा सीटों पर कब्जा किया था।

### फैसला पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए

जाखड़ ने कहा कि किसानों की फसलों का एक-एक दाना पिछले 10 सालों में एमएसपी पर उठाया गया है। एक हफ्ते के अंदर किसानों की फसलों का भुगतान किया गया है। करतारपुर सिंह का कॉरिडोर भी पीएम मोदी के नेतृत्व में खोला गया। आगे भी पंजाब के सुनहरे भविष्य के लिए हमने यह फैसला किया है। मुझे पूरा यकीन है कि पंजाब के लोग आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट कर देश की उन्नति में अपना समर्थन देगें।

### संख्या बल से अधिक सिद्धांत महत्वपूर्ण: सुखबीर सिंह बादल



इस बीच, रोमणि अकाल दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी के लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। साथ ही उन्होंने वोट को लेकर राजनीति करने के लिए राष्ट्रीय पार्टियों को आड़े हाथ लिया। भाजपा ने मंगलवार को घोषणा की कि वह पंजाब में अपने दम पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इससे शिरोमणि अकाली दल के साथ दोबारा गठबंधन करने को लेकर हो रही बातचीत पर पूर्ण विराम लगने का संकेत मिला। बादल ने कहा, शिअद कोई साधारण राजनीतिक दल नहीं है। यह सिद्धांतों वाली पार्टी है। हमारे लिए संख्या बल से अधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। 103 साल पुरानी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की जिम्मेदारी पंजाब एवं 'कौम' की सुरक्षा, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की है।

## पंजाब में कांग्रेस को बड़ा झटका

# सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने थामा भाजपा का दामन

एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। लुधियाना के सांसद रवनीतसिंह बिट्टू भाजपा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी का दामन थामा। बिट्टू को भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने पार्टी में शामिल कराया। इससे पहले पटियाला से कांग्रेस सांसद परनीत कौर भी भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। बिट्टू पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते हैं। वे 2014 और 2019 में लुधियाना लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। बिट्टू ने 2009 में श्री आनंदपुर साहिब से पहली बार सांसद का चुनाव जीता था।

भाजपा में शामिल होने के मौके पर बिट्टू ने कहा- मैंने पंजाब के बहुत बुरे हालात देखे हैं। पंजाब में जो दरार आ चुकी है, वह उसे भरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा- आगे भी सरकार पीएम मोदी की आएगी। हम पंजाब के किसानों के लिए पुल बनकर काम करेंगे। इस बीच, बिट्टू के भाजपा में शामिल होने के बाद जहां उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लुधियाना सीट से ही भाजपा का टिकट मिलने के कयास लगाए जा रहे हैं।




### नशीली दवाओं के खिलाफ शुरू किया था अभियान

रवनीत बिट्टू ने साल 2009 में पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एक अभियान शुरू किया था। साल 2011 में वो राज्य में ड्रग रोकथाम बोर्ड की स्थापना के लिए भूख हड़ताल पर भी बैठे थे। वह दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों के आंदोलन में सबसे आगे रहे हैं और राजधानी के बाहरी इलाके सिंघू सीमा पर एक प्रदर्शन के दौरान उन पर हमला भी हुआ था।

## धारावाहिक 'रामायण' के राम चुनाव मैदान में

# यूपी: पीएम मोदी 30 को मेरठ से शुरू करेंगे चुनाव अभियान

बेधड़क | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को मेरठ में एक मेगा रैली के साथ 80 लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में भाजपा के चुनाव अभियान को हरी झंडी दिखाएंगे। अभिनेता अरुण गोविल मेरठ से भाजपा के उम्मीदवार हैं।

अरुण गोविल ने 80 के दशक में रामानंद सागर की 'रामायण' में राम की भूमिका निभाई थी। इस साल की शुरुआत में 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर



का उद्घाटन किया गया था। उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सबसे अधिक सीटें हैं, 370 सीटें जीतने की भाजपा की योजना के लिए ये राज्य बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा जानती है कि अगर उसे पिछले दो चुनावों के अपने स्कोर को पार करना है, तो उसे यहां एक बड़े प्रयास की जरूरत है। 2014 में भाजपा ने उत्तर प्रदेश में 71 सीटें जीती थीं। पांच साल बाद 2019 में, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और मायावती की बहुजन समाज पार्टी के बीच गठबंधन के कारण ये आंकड़ा घटकर 62 हो गया। भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भी काफी उम्मीदें हैं, यहां पिछली बार उन्होंने इतना अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था।

## छत्तीसगढ़: GGP ने घोषित किए 10 उम्मीदवार

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने मंगलवार को राज्य की 11 लोकसभा सीट में से 10 के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि अन्य एक सीट के लिए जल्द ही उम्मीदवार के नाम की घोषणा जल्द की जाएगी।

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को लोकसभा के लिए मतदान होगा तथा मतगणना चार जून को होगी।

## कांग्रेस की सातवीं सूची जारी

# छत्तीसगढ़-तमिलनाडु के लिए पांच उम्मीदवारों की घोषणा

बेधड़क | नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सातवीं सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ की चार और तमिलनाडु की एक लोकसभा सीट के लिए उममीदवारों का ऐलान कर दिया गया है।

पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सुरुजा सीट से शशि सिंह व रायगढ़ से मेनका देवी सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है।

### ऐसे साधे अन्य जातीय समीकरण

राज्य में चुनाव में किसानों, आदिवासियों, खनन, बुनियादी ढांचे और रोजगार से संबंधित मुद्दों के हावी रहने की संभावना है। भौगोलिक आधार पर राज्य उत्तरी, मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों में विभाजित है। छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है और राज्य के लगभग 70 प्रतिशत लोग कृषि और संबद्ध गतिविधियों में शामिल हैं।

इसके अलावा, बिलासपुर से देवेन्द्र सिंह यादव तो कंकेर से बिरेश ठाकुर को टिकट दिया गया है। जब कि तमिलनाडु की माईलदूतहुरानी लोकसभा सीट से एडवोकेट आर. सुधा को टिकट दिया गया है। इससे पहले बीते दिन होली के त्योहार पर कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी की थी।

**बिहार की चुनावी चिट्ठी**

# भाजपा का यादव व सवर्ण वोटों पर बड़ा दांव, साधे कई समीकरण

एजेंसी | पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा नए सामाजिक समीकरण गढ़ने में जुटी हुई है। राजग के घटक दलों में हुए सीटों के बटवारे के तहत भाजपा के हिस्से में 17 सीटें आई हैं और भाजपा ने जिस तरह से इन सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा की है, उससे साफ है कि भाजपा नए सामाजिक समीकरण बनाना चाहती है।



भाजपा ने अपने कोटे की सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची रविवार को जारी की थी। इसमें 17 में से 11 टिकट (64 फीसदी) सवर्ण जातियों को दिए हैं, जबकि बाकी 6 टिकट (36 फीसदी) दलित और ओबीसी को दिए हैं। भाजपा ने सवर्ण जातियों में सबसे ज्यादा अहमियत राजपूत समुदाय के लोगों दी है।

इसके बाद भूमिहार, ब्राह्मण और कायस्थ को दी। ओबीसी सीटों में यादव समुदाय को प्रमुखता दी गई है। बिहार में 16 फीसदी यादव मतदाता हैं और किसी भी पार्टी की जीत में उनकी प्रभावी भूमिका रहती है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की पार्टी का कोर वोटबैंक यादव समुदाय को माना जाता है। समझा जाता है कि भाजपा ने लालू यादव के वोट बैंक में सेंध लगाने की तैयारी की है। पार्टी ने तीन प्रमुख यादव नेताओं का अपना प्रत्याशी बनाया है। उजियारपुर से नित्यानंद राय, पाटिलपुत्र से रामकृपाल यादव और मधुबनी से अशोक यादव को फिर से प्रत्याशी बनाया गया है।

इसके साथ ही पार्टी ने सीएम नीतीश कुमार के अलावा जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा और चिराग पासवान के साथ गठबंधन के जरिए विभिन्न सियासी समीकरणों के साथ सामाजिक समीकरणों को भी साधा है।

### नीतीश कुमार के आने से बढ़ा प्रभाव

लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार के राजग में आने से भाजपा के लिए ओबीसी वोट को साधना आसान हो गया। बिहार में नीतीश कुमार और उपेंद्र कुशवाहा ओबीसी समाज के बड़े चेहरे माने जाते हैं। चिराग पासवान के माध्यम से भाजपा ने दलित मतों को साधने का प्रयास किया। इसके बाद पार्टी ने सवर्ण और यादव मतों को साधने की रणनीति बनाई। इसी के चलते भाजपा ने लोकसभा प्रत्याशियों में खास तौर पर सवर्णों पर दांव खेला। उसने राजपूत से लेकर भूमिहार, ब्राह्मण और कायस्थ समाज से आने वाले लोगों को सबसे ज्यादा टिकट दिया। वहीं, पार्टी ने महिला या मुस्लिम को प्रत्याशी नहीं बनाया है। पहले कहा जा रहा था कि शाहनवाज हुसैन को पार्टी सीमांचल से टिकट दे सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

## लालू यादव आज कांग्रेस नेताओं से कर सकते हैं मुलाकात

दूसरी ओर राज्य में इंडिया गठबंधन की दो प्रमुख पार्टियों राजद और कांग्रेस में सीटों को लेकर गतिरोध बरकरार है तथा गुत्थी सुलझाने के लिए बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। इस बैठक में सीटों के बंटवारे को लेकर निर्णायक बात होने की उम्मीद है। बता दें, कांग्रेस राज्य में लोकसभा की कम से कम 9



सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि राजद कांग्रेस को 6 से ज्यादा सीटें देने को राजद तैयार नहीं है। इसके चलते गठबंधन के भीतर तनाव पैदा हो गया है। कांग्रेस पूर्णिया, किशनगंज, औरंगाबाद, काराकाट, बक्सर और कटिहार जैसे 9 निर्वाचन क्षेत्रों की सीटें चाह रही थी, जिन पर राजद ने पहले ही उम्मीदवार के नामों का ऐलान कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, इस वजह से पिछले दो दिनों से दोनों दलों के बीच बातचीत बंद हो गई है। लालू यादव का आशीर्वाद लेकर अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव भी गठबंधन को टेंशन दे रहे हैं।

## जरूरी खबर

### सैन्य अफसरों के लिए JPF खाते के लिए राशि तय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं के अधिकारियों के वित्तीय फायदों पर कैंची चला दी है। प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक (अधिकारी) द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि अब रक्षा क्षेत्र के सभी अधिकारी, अपने सामान्य भविष्य निधि खाते में एक वर्ष के दौरान केवल पांच लाख रुपए ही जमा करा सकेंगे। जानकारों का कहना है कि इससे पहले सेना के वरिष्ठ अफसर हर माह अपनी पूरी बेसिक सेलरी, जीपीएफ में जमा करा देते थे। इसके चलते सरकार ने अब सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा कराई जाने वाली राशि की एक सीमा निर्धारित कर दी है। भारत सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक 'रक्षा लेखा विभाग' (डीएडी) के अंतर्गत आने वाले पीसीडीए (ओ) द्वारा हाल ही में यह आदेश जारी किया गया। इस प्रतिष्ठित विभाग के शीर्ष पर रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) है।

### RBI: चालू खाते का घाटा हुआ कम, अब 10.5 अरब डॉलर



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में देश का चालू खाते का घाटा घटकर 10.5 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1.2 प्रतिशत रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अुनसार पिछली जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 11.4 अरब डॉलर और एक साल पहले 2022-23 की अक्तूबर-दिसंबर में 16.8 अरब डॉलर था। वहीं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश(एफडीआई) अप्रैल-दिसंबर 2023 में 8.5 अरब डॉलर रहा था। एक साल पहले 2022-23 की इसी अवधि में यह 21.6 अरब डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 11.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी।

### हरियाणा: सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी जजपा

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी हरियाणा के सभी दसों लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दिल्ली में मंगलवार को हुई पार्टी की राजनीतिक मामलों की कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई और निर्णय लिया गया कि पार्टी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। बैठक में यह भी सुझाव आया कि चंडीगढ़ लोकसभा सीट से भी पार्टी को उम्मीदवार उतारना चाहिए। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने तय किया कि इस बारे में संभावनाएं तलाशनी चाहिए।

## भारतीय जहाज फिलीपींस की यात्रा पर



*नई दिल्ली। भारतीय रक्षक बल का जहाज समुद्र पहरेदार एक विशेष यात्रा पर सोमवार को फिलीपींस के मनीला पहुंचा।*

### रामकृष्ण मिशन के स्वामी स्मरणानंद का निधन



**कोलकाता।** रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद अब इस दुनिया में नहीं रहे। मंगलवार रात उनका निधन हो गया। वृद्धावस्था संबंधी बीमारियों के कारण 95 वर्ष की आयु में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। आरके मिशन ने इसकी पुष्टि की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। आरके मिशन ने एक बयान कहा कि रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के अध्यक्ष श्रीमत स्वामी स्मरणानंद महाराज ने मंगलवार रात सवा आठ बजे महासमाधि ले ली है। उन्हें 29 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में सांस की बीमारी के कारण उन्हें तीन मार्च को वेंटिलेटर पर रखा गया।

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध

# आप का दिल्ली में प्रदर्शन, कई नेता लिए गए हिरासत में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) मंगलवार को यहां सड़कों पर उतरी। जब उसके कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पटेल चौक से लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री निवास की ओर कूच करने की कोशिश की तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया।




राष्ट्रीय राजधानी को 'किले' में तब्दील किए जाने का दावा करते हुए आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस तरह भाजपा नीत केंद्र सरकार ने 'शहर भर' में धारा 144 के तहत पाबंदियां लगाई हैं, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली पुलिस राज्य बन गयी है। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास के आसपास के इलाके समेत राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में भी सुरक्षा कड़ी कर करदी है। पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को भी तैनात किया गया है। लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन बंद कर दिया गया है जबकि पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी कुछ बंदिशें लगा दी गई। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़ला, और पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस समेत पार्टी के कई नेताओं/कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### 31 मार्च को होगी महारैली

राय ने घोषणा की कि 31 मार्च को यहां रामलीला मैदान में होने वाली 'महारैली' की तैयारी चल रही है। इस रैली में लाखों लोग मौजूद रहेंगे तथा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के नेता केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाएंगे। ज्ञात रहे कि प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन से संबंधित मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था. वह बृहस्पतिवार तक एजेंसी की हिरासत में हैं. उन पर नीति बनाने के दौरान कुछ व्यक्तियों को फायदा पहुंचाने संबधी कथित साजिश में सीधे शामिल होने का आरोप है।

### बल प्रयोग से नहीं रुकेगा आंदोलन

गोपाल राय ने कहा, मैं केंद्र को चेतावनी देना चाहता हूं कि पुलिस बल का प्रयोग करने से यह आंदोलन नहीं रुकेगा। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की महिला कायकर्ताओं को घसीटा गया और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। 'आप' के कार्यकर्ता और नेता सुबह से ही समूह में पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचने लगे क्योंकि पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पटेल चौक क्षेत्र में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगाई गई है और पुलिस किसी को भी जमा होने की अनुमति नहीं दे सकती।

# भारत- फिलीपींस के रक्षा संबंध होंगे और मजबूत



**एजेंसी** | मनीला

भाारत और फिलीपींस रक्षा संबंधों को और मजबूत करेंगे। दक्षिण चीन सागर में तनाव के बीच भारतीय तटरक्षक जहाज 'समुद्र पहरेदार' फिलीपींस में मनीला की खाड़ी पहुंच गया। तटरक्षक जहाज समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया क्षमताओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से पहुंचा है। यह जहाज 25 मार्च से 12 अप्रैल 2024 तक आसियान देशों फिलीपींस, वियतनाम और ब्रुनेई में तैनाती पर है। फिलीपींस की यात्रा पर पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी जहाज का दौरा किया।

### भारत-फिलीपींस के गहरे होते संबंधों का प्रतीक

उनकी यात्रा और भारतीय जहाज की उपस्थिति भारत-फिलीपींस के गहरे होते संबंधों का प्रतीक है। हमारी एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण ने इसे और अधिक समसामयिक रूप दिया है। आसियान के साथ हमारा सहयोग उन प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पहलू है। हमने आसियान-भारत समुद्री अभ्यास की शुरुआत भी देखी है।

## अभिनेत्र कंगना रनौत पर टिप्पणी का मामला

# महिला आयोग ने लिया संज्ञान सुप्रिया श्रीनेत पर कार्रवाई की मांग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत की लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं अभिनेत्री कंगना रनौत पर कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि सुप्रिया श्रीनेत और एचएस अहीर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सुप्रिया श्रीनेत ने आपने



इंस्टाग्राम अकाउंट पर कंगना रनौत के बारे में कथित तौर पर एक आपत्तिजनक पोस्ट साझा किया था। हालांकि, उन्होंने इस पोस्ट को बाद में हटा लिया था। वहीं, इस पोस्ट को लेकर भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कार्रवाई की मांग की थी।

### कंगना का पलटवार

सुप्रिया श्रीनेत के इस पोस्ट पर कंगना रनौत ने भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के रूप में अपने कॅरिअर के पिछले 20 सालों में मैंने हर तरह की महिलाओं की भूमिका निभाई है। महिला की गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए।

### यूक्रेन के विदेश मंत्री आज आएंगे भारत यात्रा पर

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा अपनी पहली भारत यात्रा पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंच रहे हैं। इस दो दिवसीय यात्रा के दौरान उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर से द्विपक्षीय संबंधों के साथ ही यूक्रेन-रूस मौजूदा विवाद पर विस्तार से बात होने की संभावना है। भारत रवानगी से दो दिन पहले कुबेल ने अपने इंटरनेट मीडिया हैंडल पर एक वीडियो डाल कर इसकी जानकारी दी है। कुलेबा ने न सिर्फ होली की शुभकामनाएं दी हैं।

## संदेशखाली की पीड़िता से बात, कहा...

# आप शक्ति स्वरूपा... आपके पास बड़ा दायित्व: पीएम मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली पीड़ितों में से एक रेखा पात्रा से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा पात्रा को शक्ति स्वरूपा भी बताया। पीएम ने उनसे उनकी प्रचार तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य



मुद्दों पर बात की। पीएम ने उन्हें शक्ति स्वरूपा बताया। वहीं, रेखा पात्रा ने संदेशखाली में महिलाओं के सामने मौजूद कठिनाइयों के बारे में पीएम मोदी को अवगत कराया।

सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने फोन पर पूछा, आप एक बड़ा दायित्व निभाने जा रही हैं, इस समय आपको कैसा लग रहा है? जवाब में रेखा ने कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। आपका हाथ मेरे और संदेशखाली के लोगों के सिर पर है। आप तो हमारे लिए भगवान समान हैं। लग रहा है।

## हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट में दावा

# मुंबई बना अरबपतियों का गढ़, बीजिंग को छोड़ दिया पीछे

**एजेंसी** | मुंबई

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई एशिया की अरबपतियों की राजधानी बन गई है। मुंबई ने अरबपतियों की संख्या के मामले में चीन के बीजिंग को भी पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में सबसे अधिक अरबपति मुंबई में रहते हैं। भारत की राजधानी नई दिल्ली भी पहली बार अरबपतियों के लिए शीर्ष 10 शहरों में शामिल हुई है।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के अनुसार, मुंबई में कुल मिलाकर 92 अरबपतियों के घर हैं, जबकि बीजिंग में यह संख्या 91 है।



रिपोर्ट के अनुसार भारत 271 अरबपतियों के साथ दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में तीसरे स्थान पर है। चीन में सबसे अधिक अरबपति (814)



हैं। इसके बाद अमेरिका में 800 अरबपति हैं । रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में 10 वें स्थान पर बरकरार हैं।

### एक फीसदी आबादी... 40 फीसदी संपत्ति

'भारत में आय और संपत्ति में असमानता, 1922-2023: अरबपति राज का उदय' शीर्षक वाली एक रिपोर्ट के में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में शीर्ष एक फीसदी आबादी के पास 2023 में 40 फीसदी संपत्ति थी, जबकि 2000 की शुरुआत में यह आंकड़ा 22.6 फीसदी था। वैश्विक अमीरों की यह सूची भारत में बढ़ती असमानता पर चिंता व्यक्त करने वाली एक रिपोर्ट के कुछ दिन बाद आई है।

### 94 अरबपति हुए सूची में शामिल

रिपोर्ट के अनुसार भारत ने नए अरबपतियों के मामले में भी चीन को पीछे छोड़ दिया। भारत से सूची में 94 नए नाम शामिल हुए, जबकि चीन से 55 नए नाम शामिल हुए। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों को मात देते हुए भारत की कुल संपदा पिछले साल 51 प्रतिशत बढ़ी है।

### मुकेश अंबानी सबसे धनी भारतीय

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी ने 115 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सबसे अमीर भारतीय के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। अंबानी की संपत्ति में पिछले साल 40 फीसदी या 33 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया कि शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई करने में गौतम अडाएरी सफल रहे हैं और पिछले साल उनकी कुल संपदा में 62 फीसद का इजाफा हुआ। वैश्विक स्तर पर, टेस्ला के मालिक एलन मस्क इस सूची में शीर्ष पर हैं। अंबानी 231 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में 10वें स्थान पर हैं जबकि अडाणी 15वें स्थान पर हैं।

### राजनीतिक गतिविधि से नहीं रोक सकता कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति पर उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई जमानत की शर्त को खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया था कि वह किसी भी राजनीतिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश संदीप मेहता की पीठ ने उच्च न्यायालय के 18 जनवरी के आदेश के खिलाफ बरहामपुर नगर निगम के पूर्व मेयर सिबा शंकर दास द्वारा दायर याचिका पर आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने जमानत की शर्त वापस लेने की उनकी अर्जी खारिज कर दी थी।

### राजस्थान उत्तराखंड सभा की ओर से होली पर आयोजन

# उत्तराखंडी होली फाग महोत्सव में बिखरी सतरंगी छटा....

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान उत्तराखंड सभा, राजस्थान प्रदेश, जिला जयपुर द्वारा गुलाबी नगर जयपुर में “उत्तराखंडी होली फाग महोत्सव’ कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान उत्तराखंड की पारंपरिक बैठकी और खड़ी होली का आगाज होते ही कार्यक्रम में सतरंगी छटा बिखरने लगी। प्रदेश प्रवक्ता आनन्द पांडे ने बताया कि पांच्यावाला स्थित चंदा पैराडाइज गार्डन में कार्यक्रम में बैठकी, खड़ी होली, झोडा चांचरी और होली के ठेठरों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक हुए। जल कैसे भरूं जमुना गहरी...., शिव के मन माहि बसे काशी...., बलमा घर आए कोन दिना.. आदि गीतों ने माहौल में चार चांद लगा दिए। समारोह जमकर रंग बिखरे और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष बी एस रावत ने कहा कि इस तरह पहाड़ी होली का कार्यक्रम जयपुर में लगातार कई सालों से हम करते आ रहे है जो आज अपनी पहचान बनाए हुए है जिसमें होली का निशान “चीर’ के साथ मुख्य रूप से उत्तराखंड मूल की पारंपरिक होलियो और संबन्धित हास्य कार्यक्रमों से उपस्थित उत्तराखण्डियों को अपने गांव की होली की याद ताजा की जाती है। ललित शर्मा जयपुर जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम में सभा से जुड़े सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के पश्चात ठेठ पहाड़ी स्टाइल में बनी चटनी, आलू के गुटुक वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, सदस्यों ने भाग लिया और होली का आनंद लिया।






# सिटी पैलेस में शाही अंदाज में हुआ ‘होलिका दहन’





**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के सिटी पैलेस में रविवार शाम को पारम्परिक ‘होलिका दहन’ का आयोजन शाही शान-शौकत के साथ किया गया। ‘होलिका दहन‘ से पूर्व जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने ‘पूजन’ एवं ‘हवन’ अनुष्ठान सम्पन्न किया।

इस अवसर पर प्रिंसेस गौरवी कुमारी भी उपस्थित रहीं और अनुष्ठान में शामिल हुईं। समारोह में कई गणमान्य व्यक्ति और अतिथि सम्मिलित हुए। जयपुर में परंपरा के अनुसार, होलिका दहन के बाद स्थानीय लोग होली की पवित्र अग्नि को संबंधित कालोनियों में ‘होलिका दहन‘ के लिए ले गये। उत्सव के दौरान लोक कलाकारों द्वारा चंग की शानदार प्रस्तुति दी गई।

सोमवार को सिटी पैलेस में धुलंडी उत्सव मनाया गया। जयपुर राजपरिवार के सदस्यों ने अपने मेहमानों के साथ रंगों का त्योहार मनाया। सभी ने रंगों, फूलों, पिचकारियों, पारंपरिक गुलाल गोटे और लोक संगीत के बीच जीवंत उत्सव का आनंद लिया।

## City इवेंट्स

### मॉडल्स ने फोटोशूट के जरिए सेलिब्रेट किया होली फेस्टिवल



**बेधड़क. जयपुर।** राजधानी जयपुर में रविवार को वीनस फिल्म्स इंडिया की ओर से पत्रिका गेट पर होली थीम बेस्ड फोटोशूट का आयोजन किया गया। जिसमें मॉडल्स ने रंग, अबीर, गुलाल, पगड़ी इत्यादि प्रॉप्स का उपयोग कर अपने होली लुक्स को शोकेस किया। इस फोटोशूट के दौरान शहर की मॉडल्स पूजा सिंघी और ऊषा जैन ने कलरफुल अवतार में सज धज कर फोटोशूट करवाया। इस फोटोशूट की फोटोग्राफी मुकेश कुमार द्वारा की गई।



### चित्रलेखा नाटक का मंचन आज

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर बुधवार को नाटक ‘चित्रलेखा’ का मंचन किया जाएगा। नाटक प्रसिद्ध साहित्यकार भगवती चरण वर्मा (पद्म भूषण अलंकृत) के उपन्यास चित्रलेखा पर आधारित है। नाटक का नाट्य रूपांतरण और निर्देशन धीरज भटनागर ने किया है। रंगायन में सायं सात बजे होने वाले नाटक में प्रवेश नि:शुल्क रहेगा।

### दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल 30 से

**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से होने वाली साहित्यिक गतिविधियों के क्रम में 30 से 31 मार्च तक बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। फेस्टिवल में 27 एक्सपर्ट्स सुबह 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक 50 से अधिक सेशंस में 4 से 14 वर्ष के बच्चों से रूबरू होंगे। बुकरू में स्टोरी टेलिंग, क्राफ्ट कॉर्नर, डूडल वॉल, स्टेज परफॉर्मेंस, स्क्रीनिंग, बुक स्टॉल और ऑनगोइंग एक्टिविटी होगी। केन्द्र के रिसेप्शन पर एंट्री के माध्यम से फेस्टिवल में निशुल्क हिस्सा लिया जा सकता है।

### ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने पेश की मिसाल

# रोजी बनी राजस्थान कि पहली पासपोर्ट पाने वाली ट्रांसजेंडर






**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में एलजीबीटी समुदाय से अच्छी खबर खबर आई है। ट्रांसवुमन रोज़ी बारोलिया राजस्थान की पहली पासपोर्ट बनवाने वाली ट्रांसेजेंडर बन गई है। रोज़ी जयपुर में रहती हैं और पेशे से जानी मानी मेकअप आर्टिस्ट हैं। रोज़ी बताती हैं कि ट्रांसेजेंडर समुदाय की सबसे बड़ी दिक्कत है कि उनके अधिकतर कागज थर्ड जेंडर में बने होने की बजाए महिला या पुरुष श्रेणी में बने होते हैं। ऐसे में ट्रांस जेंडर को कागज नहीं होने की वजह से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मैंने पहल करते हुए अपने ट्रांसजेंडर होने के कागज तैयार कराए और पासपोर्ट में “थर्ड जेंडर” के रूप में ट्रांसवुमन रोज़ी बारोलिया ही लिखवाया और मुझे गर्व है की मैं अपनी वास्तविक पहचान के साथ पासपोर्ट बनवाने वाली पहली ट्रांसवुमन बनी हूं। इस वक्त मैं एक मेकअप आर्टिस्ट होने के साथ साथ ट्रांस राइट एक्टिविस्ट भी हूं। मैं चाहतीं हूं कि जब भी मैं ट्रांसेजेंडर समुदाय को जागरूक करूं तो अपना खुद का उदाहरण पेश करूं। आज ट्रांसेजेंडर समुदाय खुद अलग अलग नौकरियों में जा रहा है ऐसे सभी से अपील करूंगी की कागज पूरे बनवाए ताकि कहीं किसी भी काम में अटकना ना पड़े।

### नंदीश्वर भक्ति के साथ मनाया उत्सव

# पूजन, विधान के साथ भगवान नेमिनाथ के शांतिधारा संपन्न



**बेधड़क | जयपुर**

ज्योतिनगर में सोमवार को भक्ति भाव के साथ अभिषेक शांतिधारा पूजन विधान व नंदीश्वर भक्ति के साथ उत्सव मनाया गया।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि सुबह अभिषेक के बाद सुरेश निखिल शाह द्वारा विश्व शांति के लिए बीजाक्षर युक्त शान्तिधारा की गई। इसके बाद स्वस्ति मंगल पाठ कर मूलनायक तीर्थंकर 1008 नेमिनाथ विधान मंडल पर सोभाग्यवती महिलाओं किरण जैन, पुष्पा बिलाला, स्नेहलता, कांता पाटनी व मंजु गोधा द्वारा चतुष्कोण में मंगल कलश स्थापित किए गए।

मुख्य कलश स्थापना व दीप प्रज्ज्वलन शान्तिदेवी सुरेश शाह परिवार द्वारा किया गया। नेमिनाथ मंडल विधान पर स्थापना के बाद मंडल पर श्रावकों द्वारा अष्ट द्रव्य के साथ श्रीफल भक्ति भाव सहित समर्पित किए गए। विधान के एक एक श्लोक का अर्थ समझाते हुए विधान शिखर चंद किरण जैन द्वारा सानन्द संपन्न कराया गया। अंत में नेमिनाथ भगवान की पांच थाल से आरती की गई।

अष्टाहनिका पर्व के समापन पर मन्दिरजी में शाम को आचार्य विद्यासागर द्वारा पद्यानुवादित 65 श्लोकिय नंदीश्वर भक्ति का विनय भावना के साथ पाठ किया गया।

**आयोजन** | कथक नृत्यांगना डॉ. श्वेता गर्ग की अनूठी पहल

# गुरुओं को समर्पित नृत्यशालाओं में छाई होली की उमंग

**बेधड़क | जयपुर**

कथक के जयपुर घराने की नृत्यागना एवं कथक नृत्य गुरु डॉ. श्वेता गर्ग ने होली के मौके पर अपने कथक संस्थान इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कथक डांस एंड म्यूज़िक परिसर में जयपुर घराने के कथक नृत्य गुरू पं. गिरधारी महाराज का पिचहत्तरवां जन्म दिवस मनाया। श्वेता गर्ग ने इंस्टीट्यूट परिसर में चार नृत्य शालाएं बनाई हैं इन चारों नृत्य शालाओं के नाम कथक गुरुओं पर रखे गए हैं। गिरधारी महाराज को समर्पित नृत्यशाला का नाम ‘गिरधायन’, डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी को समर्पित नृत्यशाला का नाम ‘ज्योतिआयन’, पं. राजेन्द्र गंगानी को समर्पित नृत्यशाला का नाम ‘राजेन्द्रायन’ और पं. चरण गिरधर चांद को समर्पित नृत्यशाला का नाम ‘चरणायन’ रखा है। चारों नृत्य शालाओं में इन गुरूओं से संबंधित चित्र भी लगाए गए हैं।





### होली पर आधारित नृत्य रचनाएं पेश कीं

इस मौके श्वेता ने गिरधारी महाराज और ज्योति भारती गोस्वामी को समर्पित नृत्यशालाओं में महाराज का पिचहत्तरवां जन्मदिवस मनाया। जाने-माने चित्रकार पद्मश्री तिलक गीताई, नृत्य गुरू मंजिरी किरण महाजनी, ज्योति भारती गोस्वामी और संगीता मित्तल की उपस्थिति में महाराज ने केक काटकर सभी को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व महाराज की शिष्या डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी, डॉ. श्वेता गर्ग, नमिता जैन, संगीता मित्तल तथा वरिष्ठ नृत्य गुरू मंजिरी किरण महाजनी ने होली पर आधारित नृत्य रचनाएं पेश कीं। कलाकारों के साथ गायन पर रमेश मेवाल, तबले पर पं. कौशल कांत पंवार और आदित्य सिंह राठौड़ ने संगत की।

### कलाकारों की सहायता के लिए संस्था

इस मौके पर डॉ.श्वेता गर्ग और उनके पति आलोक गर्ग ने जरूरतमंद कलाकारों की सहायतार्थ एक संस्था ‘अर्पण-समर्पण’ की स्थापना भी की। आलोक गर्ग द्वारा संस्था के उद्देश्य स्पष्ट करने के बाद वहां मौजूद चित्रकार पद्मश्री तिलक गीताई और संस्कृतिकर्मी कविता भट्ट ने संस्था का नाम ‘अर्पण समर्पण’ रखा। दोनों वहां रखी विजिटरबुक में संस्था का नाम लिखकर अपने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर संस्था की ओर से पं. गिरधारी महाराज और मौजूद कलाकारों ने पौधा रोपण भी किया।



जीवन ठहराव और गति के बीच का संतुलन है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अमेरिका से लेकर पाकिस्तान तक में रही होली की धूम

# ‘पड़ोसी’ भी रंगों में सराबोर, जमकर मनाई होली

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

रंगों का त्योहार होली का त्योहार देश के साथ ही विदेशों तक में धूम धाम से मनाया गया। अमेरिका से लेकर पाकिस्तान तक में होली की धूम रही। इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों ने तो होली को पूरे परंपरागत रूप से मनाया ही, वहां के स्थानीय निवासियों ने भी बढ़ चढ़कर होली के उल्लास में भाग लिया। अमेरिका में भारतीय समुदाय से लेकर स्थानीय व अन्य देशों के लोगों ने भी उल्लास के साथ होली मनाई। देशभर में जगह-जगह होली के कार्यक्रम आयोजित हुए जहां लोगों रंगों के त्योहार को अपने उत्साह से जीवंत बना दिया। इन दिनों जहां पाकिस्तान में रमजान का पावन महीना चल रहा है वहीं होली के त्योहार को इतने धूम-धाम और शांति-पूर्वक मनाकर पाकिस्तानी लोगों ने अमन-चैन का संदेश देने का प्रयास किया। पाकिस्तान के हैदराबाद, कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पाकिस्तान के कई शहरों में लोग एक-दूसरे को रंग लगाते दिखे।



## उल्लास से भरे नजर आए लोग

25 मार्च को भारत के साथ-साथ हमारा पड़ोसी देश भी रंगों में डूबा हुआ था। पाकिस्तान के हैदराबाद में होली समारोह के हिस्से के रूप में लोग मौज-मस्ती करते नजर आए। लोगों ने मिट्टी से बने मटकी तोड़ने के लिए मानव पिरामिड बनाने की कोशिश की। होली के दिन पाकिस्तान के कराची में भी हिंदू समुदाय के लोग रंगों का त्योहार होली मनाते हुए दिखे। गुलाल को हवा में उड़ाते दिखे। गौरतलब है कि होली का त्योहार वसंत की शुरुआत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

## नेताओं ने दी शुभकामनाएं

पाकिस्तानी हिंदुओं को पाकिस्तान के सत्ताधारी व अन्य नेताओं ने होली की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, मरियम नवाज, बिलावल भुट्टो सहित तमाम आला नेताओं ने लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। नेताओं की शुभकामनाओं के अलावा कई संस्थाओं ने होली कार्यक्रम आयोजित किए। वहीं दो दिन तक आपस में शुभकामनाओं का दौर भी चला।

### ब्रिटिश चुनाव आयोग के सिस्टम पर दो बार हमला

# ब्रिटेन पर ‘ड्रैगन’ साइबर अटैक

**एजेंसी** | लंदन

अमेरिका के बाद अब ब्रिटेन पर भी चीनी साइबर अटैक हुआ है। चीन के साइबर संगठनों ने ब्रिटेन के मतदाता डेटा और सांसदों को टारगेट किया। हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में, सरकार ने खुलासा किया कि यूके के चुनाव आयोग पर साल 2021 और 2022 में हुए साइबर हमलों में चीनी सरकार से जुड़ी एपीटी31 की संलिप्तता पाई गई है।

ब्रिटेन के उप प्रधान मंत्री ओलिवर डाउडेन ने अपने बयान में बताया कि यूके के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र (एनसीएससी) ने जांच कर एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसके मुताबिक, 2021 और 2022 के बीच चीनी कंपनी द्वारा चुनाव आयोग के सिस्टम पर दो बार साइबर हमला किया गया। यूके के उप प्रधानमंत्री ओलिवर डाउडेन ने कहा, हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को निशाना बनाने वाली साइबर गतिविधि को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। लोकतांत्रिक प्रणाली और मूल्यों की रक्षा करना यूके सरकार के लिए एक पूर्ण प्राथमिकता है।

हम चीनी सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराते हुए इस गतिविधि को जारी रखेंगे। डाउडेन ने बताया कि साइबर गतिविधि ने चुनावी प्रक्रियाओं या यूके के मतदाताओं के अधिकारों या लोकतांत्रिक प्रक्रिया या चुनावी पंजीकरण तक पहुंच को प्रभावित नहीं किया है। ऐसी गतिविधि के खिलाफ सिस्टम को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाए हैं।



## दो व्यक्तियों व एक कंपनी पर प्रतिबंध

एनसीएससी का यह भी दावा है कि चीन सरकार से जुड़ी एपीटी31 ने 2021 में एक अभियान के दौरान ब्रिटिश सांसदों के खिलाफ टोही गतिविधि की थी। हालांकि, चीनी साइबर संगठन द्वारा किए हए साइबर हमले ब्रिटेन के लोकतंत्र और राजनीति में हस्तक्षेप करने में असफल रहे। इन साइबर हमलों को देखते हुए APT31 से जुड़े दो व्यक्तियों और एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। विदेश सचिव डेविड कैमरन ने कहा कि यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि चीन राज्य-संबद्ध संगठनों ने हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं और राजनीतिक प्रक्रियाओं को निशाना बनाया है। हालांकि, ब्रिटेन के लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने के ये प्रयास सफल नहीं हुए हैं, हम अपने सामने आने वाले खतरों के प्रति सतर्क और लचीले रहेंगे। उन्होंने इस मुद्दे को सीधे चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ उठाया है।

## आगामी चुनाव मजबूत और सुरक्षित

गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने कहा, ‘यह निंदनीय है कि चीन ने हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों को निशाना बनाने की कोशिश की। जासूसी के चीन के प्रयासों से उन्हें वे परिणाम नहीं मिले जो वे चाहते थे। हमारे आगामी चुनाव, स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर, मजबूत और सुरक्षित हैं। यूनाइटेड किंगडम के लिए लोकतंत्र और कानून का शासन सर्वोपरि है। हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों और चुनावी प्रक्रियाओं को निशाना बनाना कभी भी चुनौती के बिना नहीं रहेगा।

### बिगड़ सकती है रेडियो फ्रीक्वेंसी

# पृथ्वी से टकराया शक्तिशाली सौर तूफान

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

सूर्य से हर पल भयानक सौर तूफान निकलते रहते हैं। कई बार ऐसा होता है जब यह पृथ्वी से टकरा जाते हैं। सोमवार को एक ऐसा ही तूफान पृथ्वी से टकराया। यह लगभग छह वर्षों में सबसे शक्तिशाली सौर तूफान है। इस कारण ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र में ‘बड़ी गड़बड़ी’ देखी गई। यह सौर तूफान इतना भयानक है कि अमेरिका के कोलोराडो में NOAA के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने भू-चुंबकीय तूफान वॉच जारी किया। मंगलवार तक यह जारी रह सकता है। इससे रेडियो फ्रीक्वेंसी में गड़बड़ी का भी अनुभव हो सकता है। 26 मार्च को NOAA के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि तूफान कमजोर हो रहा है, लेकिन फिर भी इसकी निगरानी होती रहेगी। पोस्ट में लिखा गया, ‘जी-3 (मध्यम) भू-चुंबकीय तूफान वॉच प्रभाव में है।



## सौर तूफान के दौरान दिखेंगे अरोरा

सौर तूफान के दौरान अरोरा देखने को मिल सकते हैं। शनिवार को NOAA ने कहा था कि इससे लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। एपी की रिपोर्ट के मुताबिक सेंटर से जुड़े जोनाथन लैश ने बताया कि हाई तूफान रेडियो प्रसारण को बाधित कर सकते हैं। हाई फ्रीक्वेंसी रेडिया में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम भी आते हैं, जो विमानों से जुड़े रहते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि अधिकांश वाणिज्यिक विमान सैटेलाइट ट्रांसमिशन को बैकअप के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## बदल रहा है सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र

सौर तूफान के दौरान इस बात की भी संभावना है कि उपग्रह के ऑपरेटरों को अपने अंतरिक्ष यान ट्रैक करने में परेशानी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पॉवर ग्रिड की लाइनों में भी कुछ गड़बड़ी दिख सकती है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं जिसे संभाला न जा सके। लैश ने कहा कि ध्रुवों के करीब रहने वाले साफ आसमान के दौरान रात में रंगीन प्रकाश देख सकते हैं, जिसे अरोरा कहते हैं। हर 11 साल में सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र बदल जाता है। उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव अपनी स्थिति बदल लेते हैं। तब सूर्य में गतिविधि देखी जाती है। वर्तमान में सूर्य अपने चक्र के चरम पर है।

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान की घटना

# आत्मघाती अटैक में 6 चीनी मरे, कई घायल

**एजेंसी** | पेशावर

चीन के बेहद करीबी माने जाने वाले देश पाकिस्तान में मंगलवार को चीनी नागरिकों के साथ एक बड़ा हादसा हो गया। एक आत्मघाती बम हमले में छह चीनी नागरिकों की मौत हो गई। पाकिस्तान के पुलिस सूत्र ने बताया कि उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर ने चीनी नागरिकों के काफिले पर अटैक कर दिया, जिसमें भयानक विस्फोट हो गया और छह की मौत हो गई। हमले में कितने लोग घायल हुए हैं फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख मोहम्मद अली ने बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे एक वाहन से चीनी इंजीनियरों के एक काफिले को टक्कर मारी। सभी चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दासू में अपने शिविर जा रहे थे।

## पाकिस्तानी ड्राइवर की भी मौत

हमले में एक पाकिस्तानी ड्राइवर भी मारा गया। मोहम्मद अली ने बताया कि हमले में छह चीनी नागरिक और उनके पाकिस्तानी ड्राइवर मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि दासू में प्रमुख बांध हैं और इस क्षेत्र में पहले भी इस तरह के हमले हो चुके हैं। साल 2021 में एक बस में हुए विस्फोट में नौ चीनी नागरिकों समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl